इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -50 | राजनांदगांव, शुक्रवार 05 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## कांग्रेस ने घोषणापत्र-सीट बंटवारे पर की चर्चा, आधे सीटों पर उतार सकती है अपने उम्मीदवार



**आगामी यात्रा की तैयारियों पर भी जोर**

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस चुनावी मोड में आ गई है। कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति, घोषणापत्र और सीट-बंटवारे पर चर्चा शुरू की। इसके साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप को भी अंतिम रूप दिया। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में जुटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट हों और पार्टी लाइन के बाहर संवेदनशील मुद्दों पर बात न करें।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने लगभग आधी लोकसभा सीटों पर पूरी ताकत से ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है, जहां कांग्रेस की जीत की संभावना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुल सीटों में से आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश इकाइयों से उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू करने और पहली सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

सूत्रों ने बताया कि इस सप्ताह तक सभी राज्यों के लिए स्क्रीनिंग समितियों की घोषणा होने की संभावना है और उम्मीदवारों का चयन तुरंत शुरू हो जाएगा। यह देखते हुए कि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची बहुत जल्द घोषित करेगी। इसके अलावा पार्टी ने घोषणापत्र तैयार करने के लिए गठित की गई समिति की पहली बार बैठक की। इसमें लोगों के सामने पेश किए जाने वाले पार्टी के वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे में शामिल किए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। सीट बंटवारे पर पार्टी की समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनके आवास पर अंतिम चर्चा की, जहां पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। संयोजक मुकुल वासनिक और सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल वाली समिति ने अंतिम बातचीत की और पार्टी नेतृत्व को आगे का रास्ता सुझाया। कमेटी पहले ही अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे पर सभी राज्य इकाइयों से बात कर चुकी है।

एक बयान में खरगे ने कहा, 'हमें एकजुट होना होगा और लोगों के सामने जमीनी मुद्दों पर भाजपा के झूठ, धोखे और गलत कामों का मुंहतोड़ जवाब देना होगा।' उन्होंने नेताओं से कहा, 'अपने मतभेद दूर करने, आंतरिक मुद्दों को मीडिया में नहीं उठाने और एक टीम के रूप में काम करें।' देशभर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में 536 किमी से होकर गुजरेगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा, पांच दिनों में सात जिलों से गुजरेगी यात्रा

रायपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राज्य के सात जिलों से 536 किलोमीटर का फासला पांच दिनों में पूरा होगा। यात्रा में राहुल पैदल चलेंगे। यात्रा की तैयारी बैठक के लिए छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली पहुंचे। जहां कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें यात्रा की तैयारियों से अवगत कराया।



बैज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यात्रा देशवासियों की उम्मीदों के लिए नई किरण साबित होगी। 14 जनवरी 2024 को मणिपुर से मुंबई तक शुरू होने जा रही न्याय यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों से गुजरते हुए 6700 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भुखमरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में लोगों के जख्मों में मरहम साबित होगी।

देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा।

सत्याग्रह से जनता के कई मसलों को किया गया हल

बैज ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा, जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है।

### ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे केजरीवाल - अनुराग ठाकुर

दीव। सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से क्या ऊपर हैं? वह बतायें कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं?

उन्होंने श्री केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी किये जाने और आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला क्लीनिकों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर यह प्रतिक्रिया दी।

## पीएम मोदी और राहुल गांधी से मिले तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन



नई दिल्ली। तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। द्रमुक और भाजपा के बीच सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी को लेकर हुए टकराव के बाद पहली बार यह मुलाकात हुई है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राज्य में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन के साथ मंच साझा किया था।

गुरुवार को पीएम मोदी के साथ बैठक के दौरान उदयनिधि, जो तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री हैं, ने तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत, बहाली और पुनर्वास कार्य के लिए अतिरिक्त केंद्रीय निधि जारी करने की मांग की। इससे पहले पीएम मोदी के साथ मंच साझा करते हुए, सीएम स्टालिन ने उनसे तमिलनाडु बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और राहत और पुनर्वास के लिए और अधिक धन भेजने का आग्रह किया। इस दौरान तमिलनाडु के मंत्री ने पीएम मोदी को 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया, जो इस साल 19 जनवरी से चेन्नई में आयोजित किया जाना है।

मुलाकात के बाद उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट किया, 'चेन्नई में 19 जनवरी 2024 को होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह के लिए आज नई दिल्ली में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करके खुशी हो रही है। मुलाकात के दौरान मैंने हमारे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अनुरोध के अनुसार तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित जिलों में बहाली और पुनर्वास कार्य के लिए प्रधानमंत्री से नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड जारी करने का अनुरोध किया। पीएम ने हमें आश्वासन दिया कि वह आवश्यक कदम उठाएंगे।' तमिलनाडु के मंत्री ने कुछ समय पूर्व सनातन धर्म के खिलाफ विवादास्तपद टिप्पणी करते हुए इसकी डेंगू, मलेरिया, बुखार और कोरोना के साथ तुलना की।

### राहुल गांधी से भी मिले उदयनिधि स्टालिन

तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मुझे आज नई दिल्ली में कांग्रेस नेता और भाई राहुल गांधी से उनके आवास पर मिलने की खुशी हुई। मैंने सोनिया गांधी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तमिलनाडु में हाल ही में आई बाढ़ के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। मुलाकात के दौरान हमने राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष लोकाचार की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन की प्रगति पर संक्षेप में चर्चा की।

## पीएससी घोटाले सहित सभी घोटालों की जांच होगी और जो दोषी होगा उन पर कार्रवाई होगी - डॉ. रमन सिंह



**डॉ. रमन डीआईजी बंगले में होंगे शिफ्ट**

राजनांदगांव (दावा)। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन चार से सात जनवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शिरकत करते हुए खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। इस प्रतियोगिता में देश की 30 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखा रहे हैं।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में चार से सात जनवरी तक किया जा रहा है। इस दौरान रमन सिंह ने कहा कि शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल बास्केटबॉल का आयोजन है, स्कूल के बच्चे बालिकाएं भी हिस्सा ले रही हैं निश्चित रूप से कल के भारत के भविष्य हैं। आज स्कूल में खेल रहे हैं कल नेशनल टीम में खेलेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं पीएससी घोटाले के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि सभी घोटालों की जांच होगी और जो दोषी होगा उन पर कार्रवाई होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि डीआईजी बंगले के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है।

शहर के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित इस राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 30 टीमों के 684 प्रतिभागी अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन करेगें, प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में किया गया जहां खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। राजनांदगांव की मेजबानी में खेली जा रही 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा आदि उपस्थित रहे।

## आठ साल में खिलौना निर्यात में 239 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 'मन की बात' में पीएम मोदी ने पहले ही कर दी थी भविष्यवाणी



नई दिल्ली। खिलौना उद्योग अन्य उद्योगों के लिए उदाहरण बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन साल पहले मन की बात में खिलौना निर्माण के प्रोत्साहन का जिक्र किया गया और उसके बाद से खिलौने के निर्माण से लेकर इसके निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2022-28 के दौरान खिलौने के कारोबार में सालाना 12 प्रतिशत से बढ़ोतरी का अनुमान है और यह उद्योग तीन अरब डॉलर के स्तर को छू सकता है।

### 32.6 करोड़ डॉलर का निर्यात

वित्त वर्ष 2014-15 की तुलना में खिलौने के निर्यात में 239 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और इसके आयात में इस दौरान 52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की त रफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2014-15 में खिलौना निर्यात सिर्फ 9.6 करोड़ डॉलर का था जो वित्त वर्ष 22-23 में बढ़कर 32.6 करोड़ डॉलर का हो गया। वैसे ही, वित्त वर्ष 2014-15 में खिलौने का आयात 33 करोड़ डालर का था जो वित्त वर्ष 22-23 में घटकर 15.9 करोड़ डॉलर का हो गया।

### खिलौने के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 94 प्रतिशत

डीपीआईआईटी के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2013-14 में खिलौने के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 94 प्रतिशत थी जो गत वित्त वर्ष 22-23 में घटकर 62 प्रतिशत रह गई। डीपीआइआईटी के मुताबिक खिलौने के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू करने के साथ खिलौने के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की गई। इसके अलावा क्लस्टर आधार पर खिलौने का निर्माण शुरू किया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब खून के लिए नहीं देने पड़ेंगे अनाप-शनाप दाम, DCGI ने प्रोसेसिंग फीस को छोड़कर अन्य सभी तरह के शुल्क किए खत्म



नई दिल्ली। जरूरतमंदों को अब खून के लिए अनाप-शनाप दाम नहीं देने पड़ेंगे। अस्पताल और ब्लड बैंक अब रक्त के लिए केवल प्रोसेसिंग फीस ले सकेंगे। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने प्रोसेसिंग फीस और रक्त आपूर्ति को छोड़कर अन्य सभी तरह के शुल्क वसूलने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### देश भर के लिये जारी किये गये निर्देश

शीर्ष दवा नियामक ने खून के लिए अधिक दाम वसूलने की प्रथा पर रोक लगाने के मकसद से ये अहम कदम उठाया है। इस संबंध में देशभर में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि खून बेचने के लिए नहीं होता है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रक कम लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को भेजे गए संदेश में डीसीजीआई ने कहा कि खून के बदले मनमाने दाम नहीं वसूले जा सकते। पत्र में साफ कहा गया है कि 'रक्त बिक्री के लिए नहीं है।' इसमें कहा गया है कि प्रोसेसिंग फीस और आपूर्ति शुल्क के अलावा अन्य सभी तरह के शुल्क खत्म करने का फैसला किया गया है।

### 250 रुपये से लेकर 1550 रुपये तक हो सकता है प्रोसेसिंग शुल्क

औषधि परामर्श समिति की बीते वर्ष 26 सितंबर को हुई 62वीं बैठक का उल्लेख करते हुए डीसीजीआई ने 26 दिसंबर को लिखे पत्र में कहा गया है कि खून और खून संबंधी अवयवों के लिए केवल प्रोसेसिंग शुल्क लगाया जा सकता है। संशोधित दिशा-निर्देश में कहा गया है कि प्रोसेसिंग शुल्क 250 रुपये से लेकर 1550 रुपये तक हो सकता है। साथ ही डीसीजीआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के दवा नियंत्रकों से कहा है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी रक्त केंद्रों और अस्पतालों को संशोधित दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दें।

### मनमानी कीमत वसूलते थे निजी अस्पताल

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रक्तदान न करने की स्थिति में निजी अस्पतालों द्वारा प्रति यूनिट रक्त की कीमत 3,000 रुपये से 8,000 रुपये के बीच वसूली जाती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मयंक श्रीवास्तव ने जनसंपर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



रायपुर (दावा)। जनसंपर्क संचालनालय के नए आयुक्त सह संचालक मयंक श्रीवास्तव ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। नवा रायपुर अटल नगर में जनसंपर्क संचालनालय में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त के साथ ही छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा ने श्री श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपकर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय एवं छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 26 जनवरी से पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी, मोस्ट वांटेड हिजबुल आतंकी को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को गणतंत्र दिवस से पहले बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने जम्मू कश्मीर के मोस्ट वांटेड हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी जावेद अहमद मट्टू को गिरफ्तार किया है। उसे निजामुद्दीन के पास डीएनडी से उसे समय पकड़ा गया, जब वह हथियारों की खेप लेने दिल्ली आया था। जम्मू कश्मीर पुलिस ने जावेद पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा हुआ था। ये जम्मू कश्मीर में वर्ष 2010-11 से आतंकी वारदात को अंजाम दे रहा था। दिल्ली पुलिस उसे कई महीनों से तलाश कर रही थी। स्पेशल सेल इस बात की जांच कर रही है कि आतंकी दिल्ली किसी वारदात के लिए तो नहीं आया था। जावेद मट्टू ए++ का आतंकी है। इसके भाई रहीस मट्टू ने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया था।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस उपायुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि एसीपी ललित मोहन नेगी को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा जम्मू-कश्मीर का एक बड़ा वांछित आतंकवादी हथियार और गोला बारूद की खेप लेने दिल्ली-एनसीआर आएगा। सूचना पर स्लीपर सेल और हथियार सप्लायरों पर नजर रखी गई और खुफिया तंत्र को सक्रिय किया गया। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की सहायता ली गई। इसके बाद 4 जनवरी को विशेष सूचना मिली कि हिजबुल मुजाहिदीन का वांछित आतंकवादी ए++ श्रेणी का सोपोर जेएंडके निवासी जावेद अहमद मट्टू अपने सहयोगियों से हथियार और गोला बारूद लेने दिल्ली आएगा।

ये पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर दिल्ली में हथियार लेने आया। इस हथियारों से वह अपने पाकिस्तान स्थित हैंडलर के निर्देश पर जम्मू-कश्मीर और अन्य स्थानों पर कुछ आतंकी हमलों को अंजाम देगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 18 जिलों के बदले कलेक्टर, 88 आईएएस का ट्रांसफर

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है. सरकार ने 89 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है. छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसे लेकर आदेश जारी किया गया है. प्रदेश के 18 जिलों के कलेक्टर बदल दिए गए हैं. अब गौरव कुमार सिंह को रायपुर कलेक्टर बनाया गया है. इससे पहले गौरव कुमार पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. अब उन्हें राजधानी रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

इसके साथ ही नगरीय निकाय के अफसरों की भी जिम्मेदारी में बड़ा बदलाव किया गया है. सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक रायपुर, दुर्ग और कोरबा समेत कई जिलों के कलेक्टर के ट्रांसफर किए गए हैं. इसके साथ ही अजीत बसंत को कोरबा कलेक्टर बनाया गया है. वह पहे नारायणपुर के कलेक्टर थे. अब उन्हें कोरबा की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं सूरजपुर के कलेक्टर रहे आईएएस संजय अग्रवाल का राजनांदगांव ट्रांसफर कर दिया गया है.

सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग, महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मनोज पिंगुआ अपर मुख्य सचिव वन विभाग, गृह एवं जेल विभाग अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल। निहारिका बारिक प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विकास आयुक्त ,प्रमुख सचिव इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी, शहला निगार कृषि उत्पादन आयुक्त सचिव कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, गन्ना आयुक्त, डॉ. .कमलप्रीत सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग, परदेसी सिद्धार्थ कोमल सचिव स्कूल शिक्षा, गोविंद रामचुरेंद्र आयुक्त सरगुजा संभाग, अंबिकापुर, प्रसन्ना आर सचिव उच्च शिक्षा, विशेष कर्तव्य अधिकारी, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, अन्बलगन पी. सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग। अलरमेलमंगई डी. श्रमायुक्त, एस प्रकाश सचिव परिवहन विभाग, संसदीय कार्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग, टोपेश्वर वर्मा सचिव, राजस्व मंडल बिलासपुर, नीलम नामदेव एक्का सचिव जनशिकायत निवारण, संचालक विमानन, सी.आर. प्रसन्ना सचिव, सहकारिता विभाग, भुवनेश यादव सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, एस. भारतीदासन सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग। शम्मी आबिदी सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग, पी. दयानंद सचिव ऊर्जा विभाग, खनिज साधन विभाग, जनसंपर्क, वाणिज्य एवं उद्योग विमानन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी, बसवराजू एस. सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, हिमशिखर गुप्ता सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, वाणिज्य कर विभाग, मोहम्मद अब्दुल केसर हक सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, यशवंत कुमार संचालक ग्रामोद्योग, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जनक प्रसाद पाठक प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड, भीम सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण, राजेश सिंह राणा मुख्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एस.आर. हॉस्पिटल दुर्ग में छ.ग. पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोर्स प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर चिखली पोस्ट जेवरा सिरसा, धमधा रोड़ दुर्ग में छत्तीसगढ़ का पैरामेडिकल कोर्स प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्रवेश के लिए अभी मात्र 20 सीटें रिक्त होना बताया जाता है, बाकी के 60 सीटें भर चुकी है। इस संबंध में एक प्रेस वार्ता लेते हुए एस.आर. हास्पीटल के चेयरमैन संजय तिवारी ने बताया कि उनके इस हास्पीटल को छ.ग. शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अधीनस्थ छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा पैरामेडिकल पाठयकम संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। जिसके तहत हॉस्पिटल को एक्स-रे टेक्निशियन, ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन व पैथालॉजी लैब टेक्निशियन, कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति है। जिसमें एक्स -रे टेक्निशियन की 30 सीटें व आपरेशन थयेटर टेक्निशियन की 30 सीटें एवं पैथालॉजी लैब टेक्निशियन की 20 सीटें है। बताया गया कि दुर्ग संभाग में एस.आर. हॉस्पिटल में सर्वाधिक पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स की कुल 80 सीटें है। छ.ग. शासन का यह एक वर्षीय सर्टीफिकेट कोर्स है। जिसका पंजीयन छ.ग. पैरामेडिकल काउन्सिल में होता है। उक्त पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स में 10+2 पैटर्न में बारहवी या समकक्ष बायोलॉजी ग्रुप (फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बायोलॉजी) के छात्र एवं छात्राएं ही प्रवेश ले सकते है। अन्य विषय के छात्र व छात्राओं का प्रवेश निषेध है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि पैरामेडिकल टेक्निशियन के सभी कोर्स हेतु प्रवेश प्रारंभ है। जिसकी सीमित सीटें बची है। पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स में प्रवेश लेने हेतु पासपोर्ट साईज कलर फोटो, 10वी एवं 12 वी मार्कशीट व आई.डी. फ्रुफ, स्थानातरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजो की आवश्कता होगी। अस्पताल में गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल व मेस (केन्टीन) की सुविधा उपलब्ध है। बताया गया कि पैरामेडिकल पाठ्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात सरकारी अस्पताल व देश के प्रतिष्ठित




**○ प्रवेश के लिए सीमित सीटें ही रिक्त**
**○ फिजिक्स केमिस्ट्री व बायो के छात्र ही ले सकते हैं प्रवेश**

निजी अस्पतालो में मरीजो की सेवा करने का अवसर निश्चित रूप से मिलता है। शासकीय व निजी क्षेत्र में रेडियोलाजी विभाग में एक्स रे टेक्निशियन एवं आपरेशन थियेटर टेक्निशियन की मांग सर्वाधिक है। कोर्स पूर्ण होने के बाद एस.आर. हॉस्पिटल द्वारा जॉब प्लेसमेन्ट की सुविधा भी उपलब्ध है संस्थान में सेन्ट्रल लाइब्रेरी व डिजीटल लाईब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है। सबसे बड़ा हास्पीटल एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर के मेडिकल सुपरिटेंडेंट व वरिष्ठ सर्जन डॉ. एस.पी. केसरवानी ने बताया कि उनका हास्पीटल दुर्ग जिले का 180 बिस्तरों वाला सबसे बड़ा सुपर मल्टीस्पेशलिटी प्रायवेट अस्पताल है। अस्पताल को आयुष्मान भारत, भारतीय रेलवे, ई.एस.आई.सी., सी.जी.एच.एस., सी.एस.पी.डी.सी.एल. व सभी टीपीए/इंश्योरेन्स एवं सभी शासकीय कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों के ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त है। उक्त अस्पताल क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ ट्रामा सेन्टर होने के कारण अस्पताल में गंभीर मरीज उपचार व ऑपरेशन हेतु निरन्तर भर्ती होते है। अस्पताल में आई.सी.यु./एन.आई.सी.यु/ केजवल्टी / माडलर ओ.टी. व अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सभी छात्र व छात्राओं को अनुभवी डॉक्टर व सीनियर टीचरों की टीम के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। स्वंय के 180 बिस्तरों के अस्पताल में प्रेक्टीकल कराया जाएगा। अस्पताल में छात्र व छात्राओ के इर्न्टनशीप की सुविधा भी उपलब्ध है।

अस्पताल के चेयरमेन संजय तिवारी ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि मेडीकल के क्षेत्र में केरियर बनाने का एक सुनहरा अवसर है जिसका लाभ आप स्वंय ले सकते है या अपने बच्चो को पैरामेडिकल कोर्स करवा सकते है या अपने रिश्तेदार, मित्र चिर-परिचित का मेडिकल फिल्ड में कैरियर बनाने में सहयोग कर सकते है। छ.ग. शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा निकाली गई भर्ती में छ.ग. पैरामेडिकल काउन्सिल में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। उक्त कोर्स ही छ.ग. शासन का एक मात्र कोर्स है जिसका रजिस्ट्रेशन छ.ग. पैरामेडिकल काउन्सिल में होता है। यह भी बताया गया कि वैश्विक महामारी कोविड के संकमंण काल में पुरे विश्व में डॉक्टरो, नर्सो, पैरामेडिकल टेक्निशियन व अस्पताल की टीम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मानव सेवा की है। सम्बन्धित कोर्स की जानकारी के लिऐ इंचार्ज विजय साहू मो.नं. 7024006828 एवं 7880102604 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रेस कान्फ्रेंस में विजय गवान्डे, विजय साहू भी उपस्थित थे।

# निगम सीमा क्षेत्र में 13 से 16 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा




**सफल आयोजन के लिये आयुक्त ने सौपा दायित्व**

राजनांदगांव (दावा)। भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशीप स्कीम के प्रचार प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन द्वारा प्रारंभ की गयी है, उक्त यात्रा का आगमन राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में दिनांक 13 जनवरी को हो रहा है,जिसके माध्यम से 13 से 16 जनवरी तक वार्डो में भारत शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपरोक्त दिनांक को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। यात्रा के सफल आयोजन एवं नागरिकों को योजना का लाभ देने के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, उक्त यात्रा के माध्यम से निगम सीमाक्षेत्र में 13 से 16 जनवरी तक वार्डो में कैम्प आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र में 7 स्थानों पर कैम्प आयोजित किया जा रहा है, जिनमें 13 जनवरी को गौरी नगर स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व शंकरपुर स्कूल मैदान में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कैम्प आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 14 जनवरी को नया ढाबा स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व स्टेट स्कूल मैदान में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक, 15 जनवरी को कमला कालेज मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व हल्दी हाई स्कूल मैदान में दोपहर 1 बजे से शाम 5बजे तक तथा 16 जनवरी को लखोली स्कूल मैदान में प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कैम्प में भारत सरकार की महात्वांकाक्षी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन मोर मकान, प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान मोर आस, अमृत मिशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर नागरिकों को लाभ दिया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये वार्डो मे आयोजित कैम्प के सफल संचालन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली को बनाया गया है तथा कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके व प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके सहयोगी का दायित्व अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा गया है, जो 13 से 16 जनवरी तक आयोजित कैम्प में अपनी सेवाएं देकर यात्रा का सफल आयोजन करेगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित कैम्प में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेवे।

## पहला कॉलम...

### मंत्री राजवाड़े को साहित्य भेंट



राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी रजवाड़े से रायपुर एयरपोर्ट में बैठकर ऋषि चिंतन के सानिध्य साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रदेश गायत्री परिवार की प्रमुख आदर्श वर्मा दीदी, जुगल किशोर लढ्ढ़ा, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजनांदगांव गायत्री परिवार ट्रस्ट, हरीश गांधी जिला अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच सांस्कृतिक प्रभारी गायत्री विद्यापीठ उपस्थित थे।

### सूने मकान में चोरी

राजनांदगांव(दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के ग्राम सोनेसरार में अज्ञात चोर द्वारा श्रीमती कौशल पति स्व. नारद निर्मलकर के सूने मकान में सोने-चांदी की जेवरातों की चोरी कर ली गई।

घटना के समय प्रार्थियां श्रीमती कौशल द्वारा सुबह खाना खाकर 8 बजे के करीब गांव में ही काम करने चली गई थी। शाम को जब घर आकर देखी तो उसके घर और सन्दूक का ताला टूटा हुआ था व चोरो ने सन्दूक में रखे सोने-चांदी के जेवरों को पार कर दिया था। चोरी गए जेवरातों की कीमत 50 हजार रूपए बताई जाती है। लालबाग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379.457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया है।

### नगर निगम पेंशनरों ने मनाया नववर्ष



राजनांदगाँव (दावा)। नगर निगम के पेंशनर संघ द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी.सी. जैन प्रान्ताध्यक्ष सम्मलित हुए। नगर निगम पेंर्सनरों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. डी.सी. जैन ने उपस्थित पेंशनरों को नए वर्ष की शुभकामना देते हुए उनके परिवारिक जीवन की मंगलकामना की गई। सभी पेंशनरों द्वारा एक दूसरे पेंशनरों का स्वागत किया गया। बैठक में महेन्द्र श्रीवास्तव, दुर्गाराम साहू, श्रीराम यादव, परसराम, नारायण बक्शी, बाबूलाल नेताम, राधेलाल साहू, आशाराम यादव, श्रीमती भागवती बाई, श्रीमती सुरजा बाई, श्रीमती देविका बाई नेताम उपस्थित रहे। यह जानकारी संघ के उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# स्वतंत्रता सेनानी स्व. पंडित त्रियोगी नारायण (जुग्गा महाराज) स्मृति : यूथ क्लब की एमसी इलेवन पर 5-7 की आसान जीत



राजनांदगांव (दावा)। सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप के द्वारा आयोजित सीनियर मॉर्निंग ग्रुप 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज दूसरे दिन का पहला मैच यूथ क्लब विरुद्ध एम सी इलेवन के मध्य खेला गया मैच सुरुवात के पूर्व एलेक्सेंडर कीरो डीएसपी छत्तीसगढ़ पुलिस, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, रवि कोंडहैया महासचिव छत्तीसगढ़ तैकंडो आशीष पांडेय, इंदर साहू, सुश्री साक्षी भाटिया, सुश्री संगीता मिश्रा सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्सवर्धन किया।

स्पर्धा में आज पहला मैच यूथ क्लब विरुद्ध एम सी इलेवन के मध्य बहुत ही रोमांचक मैच दर्शको को देखने को मिला मैच के सुरुवती समय मे ही एमसी इलेवन ने पहले ही मिनट में मनीष सोनी 2 गोल कर 0-2 का स्कोर कर लिया था किंतु यूथ क्लब के खिलाड़ियों ने इस बढ़त को ज्यादा देर नही रहने दिया और मैच के 10वे व 17वे मिनट में दिलीप रावत व गुमान साहू ने गोल करते हुए 2-2 की बराबरी पर ला दिया मैच के

**पैंथर्स ने मोतीपुर को 10-6 गोलो से पराजित किया**

23वे मिनट में गुमान साहू ने स्ट्रोक में गोल करते हुए 2-3 बढ़त बनाई थी जिसे एम सी इलेवन के शकील अहमद ने स्ट्रोक में गोल करते हुए 3-3 गोल की बराबरी की यूथ क्लब के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूथ क्लब की ओर से 2गोल अब्दुल कादिर 1 गोल सोमनाथ यादव 1 गोल विकास वैष्णव ने किया एम सी इलेवन की ओर से शकील अहमद ने 2 गोल किया। इस मैच को यूथ क्लब ने 5 के मुकाबले 7 गोल से जीत दर्ज की।

आज खेले गए दूसरे मैच में पैंथर्स क्लब ने शहीद राधे मोतीपुर के एकतरफा मुकाबले में 6 के मुकाबले 10 गोल से आसान जीत हासिल की पैंथर्स क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स क्लब की ओर से गुणवंत पटेल ने 6 गोल पीयूष साहू ने 3 गोल तौफीक अहमद ने 1 गोल किया वंही शाहिद राधे मोतीपुर की ओर से पीयूष वर्मा ने 4 गोल खेमराज सिन्हा 1 गोल व लक्ष्मण यादव ने 1 गोल किया।

आज के मैच में किशोर धीवर, खुशाल यादव, रवि राव, अभिनव मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई

मैच में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ हॉकी व जिला हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, सुश्री आशा थॉमस, प्रकाश शर्मा, अजय झा, नीलम चंद जैन, संजीव पटेल, पटेल, छोटे लाल, राजू रंगारी, शिवा चौबे, अब्दुल कादिर, प्रिन्स भाटिया, अखिलेश मिश्रा, घनश्याम सिंह, भागवत यादव, मृणाल चौबे, स्यामलाल, चंदन भारद्वाज, महबूब खान, दिलीप रावत, विकाश वैष्णव, सचिन खोब्रागडे, योगेश द्विवेदी, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, स्पर्धा के तहत कल दो मैच खेले जाऐंगे।

पहला मैच सिटी क्लब विरुद्ध एम सी इलेवन के मध्य 2.30 बजे खेला जायेगा। दूसरा मैच लालबाग विरुद्ध शाहिद राधे मोतीपुर के मध्य 3.30 बजे खेला जायेग।

# म्युनिस्पल स्कूल मैदान को यथास्थिति करवाये - ओस्तवाल



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पाषर्द हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से राजनांदगांव शहर के विधायक डॉ. रमन सिंह एवं जिले के कलेक्टर से यह मांग की है कि संस्कारधानी नगरी के राजा बलरामदास सर्वेश्वरदास एवं उनके परिवार जनों के द्वारा जिस राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी की जनता के हित हेतु 100 वर्ष की शहर की बढ़ती आबादी के भविष्य को देखते हुए जिस म्युनिस्पल हाईस्कूल मैदान को शहर के बच्चों एवं खिलाड़ियों के खेलने आदि अन्य सामाजिक राजनैतिक कार्यक्रमों की दुरदृष्टि को ध्यान में रखते हुए बनाया था, जिसे जिले के कलेक्टर डोमन सिंह के द्वारा खेल मैदान में घास बिछाने के नाम पर डी.एम.एफ. मद से लगभग 35 लाख रूपये की राशि से जो घास बिछाकर स्कूल मैदान को बर्बाद किया गया? और निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं वार्ड के पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अपने शहर की जनता और वार्ड के जनता के हित को यदि ध्यान में रखते और इस मैदान का पुरजोर सत्ता में रहते हुए विरोध करते तो कलेक्टर डोमन सिंह और संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी नहीं दिखा पाते। लेकिन महापौर और वार्ड के पार्षद के द्वारा जो आंख मुंद करके यह तमाशा देखते रहे जिसका जवाब शहर की जनता और उस वार्ड की जनता समय आने पर दोनों को देने के लिए तैयार खड़ी है।

श्री ओस्तवाल ने शहर विधायक डॉ. रमन सिंह एवं जिले के नये कलेक्टर संजय अग्रवाल से मांग की है कि नये वर्ष की शुरूवात में शहर के बच्चों एंव खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल म्युनिस्पल हाईस्कूल मैदान को पूर्व की तरह मैदान यथास्थिति शहर की जनता के हित में करवाने का निर्देश जारी करें।

# कमला कालेज में आज से तीन दिवसीय मॉडन मंडई की सबको झारा झार नेवता

राजनांदगांव(दावा)। शहर के व्हीआईपी रोड स्थित कमला कालेज मैदान में इस बार भी भव्य रूप से मॉडर्न मंडई का आयोजन होने जा रहा।




आज 5 दिसम्बर से प्रारंभ होने जा रहे इस तीन दिवसीय आयोजन में रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा महाकाली तांडव नृत्य व बालीवुड प्ले सिंगर स्वप्निल जायसवाल का लाइव कॉन्सर्ट देखने मिलेगा। उपरोक्त सम्बंध में प्रेसवार्ता लेते हुए इस तीन दिवसीय मॉडर्न मंडई कार्यक्रम के प्रमुख उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्ष के मॉर्डन मंडई में नेपाल के कलाकार स्वजय रघुवंशी द्वारा किए गए काल भैरव नृत्य ने लोगो को काफी सम्मोहित किया था। इस वर्ष कमला कालेज मैदान के मार्डन मंडई में इन्टरनेशनल महाकाली तांडव नृत्य अपना जलवा बिखेरेगा। छत्तीसगढ़ी ग्रामीण कल्चर, मंडई-मेला एवं कला-संस्कृति को एक मंच पर लाकर तीन दिनों तक जबरदस्त आयोजन के माध्यम से संस्कारधानी वासियों का नए साल में स्वस्थ मनोरंजन देने जा रहे इस आयोजन में खाने-पीने के स्वादिष्ट स्टाल सहित कश्मीर, बस्तर, राजस्थान, पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न प्रदेशों के एक से बढ़कर एक चीजों के पांच दर्जन के करीब स्टाल लगेंगे।

**○ रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित महाकाली तांडव नृत्य रहेगा आकर्षण का केन्द्र**
**○ पांच दर्जन एक से बढ़कर एक स्टालों में आकर्षक आइटमों की भरमार**

बताया गया कि मार्डन मंडई में बच्चों के झूले, जम्पिंग नेट व खिलौने सामान की भी दुकाने सजी रहेगी। प्रेसवार्ता में उपस्थित आर्गनाइजर खुश्बू तिवारी, देवांशु गोलछा, विधि श्रीवास्तव, मनीष तिवारी, नवीन निर्मलकर, ओम तिवारी आदि ने बताया कि आज से रंगारंग ढंग से प्रारंभ होने जा रहे इस भव्य मार्डन मंडई का प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति मात्र 50 रू. रखा गया है। मार्डन मंडई के आयोजन ने शहर सहित अंचल भर के लोगों को इस जानदार व शानदार तीन दिवीसय कार्यक्रम का आनंद लेने झारा झार नेवता दिए है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-1-4
240-6 355-3
राजधानी
6-7-9
236-1 189-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 5 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
रेड चिल्ली प्राडक्शन कृत
डंकी
कलाकार - शाहरूख खान, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन इरानी, विक्रम कोचर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN Multiplex
SILVER SCREEN Multiplex
05th Jan To 11th Jan 2024




Dunki - 12:00, 03:00 06:30 & 09:30 pm
Salaar - 12:00, 03:15, 06:00, 05:30 & 09:15 pm
Animal - 12:30 and 08:45 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :- 202309092200031**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन्:- 2022 -2023
बछेराभाठा प.ह.न. 00026 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक
पक्षकार-संतोष मेश्राम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष मेश्राम आ.गोपीचंद मेश्राम जाति महार सा. बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के ससुर भाऊदास बोरकर आ. हगरू बोरकर का मृत्यु दिनांक 15.03.2023 को ग्राम बछेराभाठा में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.01.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/12/2023 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202312093700018 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदेश यादव आ. स्व. श्यामलाल यादव, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 46 सी, भूखण्ड क्रमांक-65/2 क्षेत्रफल 69.00 वर्गमीटर धारक होल्कर बाई ध.प. श्यामलाल, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि में से क्षेत्रफल 47.67 वर्गमीटर भूमि पर पंजीकृत दानपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.01.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंबागढ़ चौकी अंतर्गत मितानिनों का 28 वां चरण 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में निर्धारित मेनु अनुसार भोजन, चाय नास्ता एवं रूकने की व्यवस्था के लिए किराया भंडार, टेंट, कुर्सी, गद्दा, तकिया, चादर, कम्बल, पंडाल आदि सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह, फर्मो, ठेकेदारों, वेंडरों से निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। स्थानीय समूह या फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी। निविदा के लिए नियम एंव शर्ते कार्यालय सूचना पटल पर कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र एवं नियमावली कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी से कार्यालयीन समयावधी में रू.500/- अक्षरी पांच सौ रूपये. मात्र (अप्रतिदेय) जमा कर निविदा प्रकाशन दिनांक से प्राप्त कर सकते है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि- 08/01/2024 समय शाम 5 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 11/01/2024 समय दोपहर 2 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि - 11/01/2024 समय शाम 4 बजे ।

स्थान - कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, अं.चौकी

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अंबागढ़ चौकी
जिला - मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

कार्यालय पता- न्यू बस स्टैंड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 07744469714 E-mail: emzonerjn@gmail.com

क्रं./1451/सं.अ./23 // आम सूचना // राजनांदगांव, दिनांक 02/08/2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत मनकी, जिला राजनांदगांव में भवन क्र. 108 श्रीमती सायरा बानो पति श्री अकील अहमद के नाम पर आबंटित है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन का फ्रीहोल्ड कार्यवाही निष्पादन दिनांक 08.06.2017 के पश्चात आबंटित भवन को विक्रय बयनामा के आधार पर श्री अजय कुमार पिता स्व. श्री बरमेश्वर तिवारी को विक्रय कर दिया गया है। श्री अजय कुमार द्वारा आवेदन एवं निष्पादित विक्रय बायनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन को मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर नामांतरण करने का अनुरोध किया गया है।

अतः आवेदक के अनुरोध पर मण्डल द्वारा नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मण्डल द्वारा आवेदिका के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

CMYK

# ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की लापरवाही के चलते लगातार हो रहे हैं हादसे

डोंगरगांव(दावा)। नगर में सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर वर्षों से प्रतीक्षा की जा रही थी इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलते ही यह उम्मीद जताई जा रही थी कि व्यवस्थित और सही तरीके से काम होगा तथा राहगीरों व नगरवासियों को राहत मिलेगी। लेकिन जैसे ही रोड के बनने का काम शुरू हुआ वैसे ही बहुत सी परेशानियां सामने आने लगी। लापरवाह ठेकेदार की कार्यशाली और प्रशासन की अनदेखी के चलते रोड को बनाने का कार्य बीच से शुरू किया गया और फिर सड़क के काम को रोक कर डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया गया। यह पहला मौका है जब इस प्रकार के बेतरतीब निर्माण कार्य की वजह से लगातार गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं. इतना ही नहीं 1 मीटर के बन रहे डिवाइडर में 10-10 मीटर की दूरी पर कट छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण आने वाले समय में हादसे से और बढ़ते चले गए. इधर मीडिया के दखल व पीडब्ल्यूडी इंजीनियर से चर्चा के बाद इन कट को आखिरकार बंद करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है किन्तु जहां से डिवाइडर बनाया जा रहा है तथा रोड के अन्य कार्य हो रहे हैं, वहां ना तो सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं और ना ही संकेतक बोर्ड लगाए जा रहे हैं. जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान आफत में आ रही है.



बुधवार को कुछ ही घंटों के भीतर एक के बाद एक 3 दुर्घटनाएं हुई, जो कि शहरवासियों को झकझोर कर रख दिया है. जहां से डिवाइडर बनाने काम शुरू हुआ वहां ना तो कोई संकेतक है और ना ही पर्याप्त लाइट व सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया और न गाड़ियों की स्पीड को कंट्रोल करने के उपाय किए गए है. जिसके कारण डिवाइडर वाहन चालकों को नहीं दिखता और अक्सर यहां सड़क हादसे होते हैं. बावजूद इसके इस मामले में ना तो नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान है और ना ही संबंधित विभाग का । रोड कार्य करने वाले ठेकेदार को सख्ती से नियमों का पालन कराने की आवश्यकता ताकि गंभीर हादसों से बचा जा सके.

**बीती रात एक ही स्थान पर हुई 3 सड़क दुर्घटनाएं**

### बुधवार रात्रि को हुए 3 हादसे

रोड निर्माण के दौरान डिवाइडर निर्माण में ठेकेदार के द्वारा बेहद मनमानी व लापरवाही बरती जा रही है. बुधवार को हुए सड़क हादसे में सुरक्षा व्यवस्था व पर्याप्त लाइट नहीं होने के चलते एक बाइक सवार निर्माणाधीन डिवाइडर जा टकराया, जिसके चेहरे व शरीर से अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई. वहीं जगन्नाथपुरी से दर्शनकर लौट रहे स्कार्पियों सवार भी इसी स्थल पर दुर्घटना के शिकार हो गए. जिसमें 10 लोग सवार थे जिनमें से शैलेन्द्र पिता तिलोक निषाद भोथली 20, लोचन पिता सुबेर 20, शिवेंद्र पिता विष्णु पटेल 18, टाकेश्वर पिता मन्थिर कंवर 20, ओमकार पिता झनक निषाद 18, खेमचंद पिता लोकनाथ निषाद 22 वर्ष घायल हो गए । वहीं इसी जगह देर रात एक ट्रक जो हैदराबाद से कांच की बॉटल लेकर रायपुर जा रहा था, वह भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जिसमे ट्रक का चक्का, पट्टा, बम्फर सहित अन्य पार्ट्स टूटकर अलग हो गए. वहीं ट्रक ड्राइवर भूषण यादव पिता नरेश यादव 21 वर्ष के हाथ व कमर चोट आई है.

### भाजपा नेता व एसडीएम पहुंचे थे घटना स्थल पर

सड़क निर्माण में सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम नहीं होने के कारण पूर्व में भी दुर्घटना हुआ है फिर भी स्थानीय प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले को लेकर गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी ए.के. पुसाम अपने अमले सहित निरीक्षण के लिए पहुंचे.

इस मामले को लेकर शिकायत की गई और पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करने कहा गया. मिली जानकारी के अनुसार आगामी कुछ दिनों में को अधिकारियों, ठेकेदार, नगरवासी व शिकायतकर्ताओं के बीच स्थानीय विश्राम गृह में बैठक किये जाने की बात सामने आ रही है. वही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर की तैयारी की खबर भी है.

# 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

## बालक वर्ग में पंजाब, राजस्थान, आंध्रप्रदेश की आसान जीत

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छततीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्टीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन साई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में खेले गये बालक वर्ग 14 वर्ष बॉस्केटबाल के पहले मैंच में पंजाब ने सीआईएससीई को, दूसरे मैंच में आंध्रप्रदेश ने चंड़ीगढ़ को और राजस्थान ने विद्याभारती को पराजित किया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग राजनांदगांव की मेजबानी में आयोजित इस स्पर्धा के बॉस्केटबाल 17 वर्ष बालिका वर्ग के पहले मैंच में केरला ने पंजाब को, महाराष्ट्र ने चंड़ीगढ़ को, हरियाणा ने राजस्थान को, आईपीएससी ने बिहार को, गुजरात ने मणिपुर को, आईबीएसओ ने मध्यप्रदेश को एवं उत्तरप्रदेश ने तमिलनाडु को पराजित कर लीग राऊण्ड में 2-2 अंक प्राप्त किए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन साई सेंटर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 बजे से लगातार बॉस्केटबाल मैंच खेले जायेंगे।

# गणतंत्र-दिवस परेड में कर्तव्यपथ पर शामिल होगी छत्तीसगढ़ की आदिम जनसंसद की झांकी

रायपुर (दावा)। देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद : मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित कर लिया गया है। नई-दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड के लिए 28 में से 16 राज्यों का चयन किया गया है। झांकी का अनूठा विषय और डिजाइन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति को रिझाने में कामयाब रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य को मिली इस महत्वपूर्ण सफलता पर बधाई दी है, उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ा अवसर बताया है।

**जगदलपुर का मुरिया दरबार और बड़े डोंगर का लिमऊ राजा होंगे केंद्रीय विषय**

छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'भारत लोकतंत्र की जननी' पर आधारित है। यह झांकी जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। इस झांकी में केंद्रीय विषय आदिम जन-संसद के अंतर्गत जगदलपुर के मुरिया दरबार और उसके उद्गम-सूत्र लिमऊ-राजा को दर्शाया गया है। मुरिया दरबार विश्व-प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की एक परंपरा है, जो 600 सालों से चली आ रही है। इस परंपरा के उद्गम के सूत्र कोंडागांव जिले के बड़े-डोंगर के लिमऊ-राजा नामक स्थान पर मिलते हैं। इस स्थान से जुड़ी लोककथा के अनुसार आदिम-काल में जब कोई राजा नहीं था, तब आदिम-समाज एक नीबू को राजा का प्रतीक मानकर आपस में ही निर्णय ले लिया करता था।

झांकी की थीम व डिजाइन स्थानीय स्तर पर वृहद अन्वेषण और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तैयार की गई। इस विषय वस्तु पर आधारित झांकी को पांच चरणों की कठिन प्रक्रिया के बाद अंतिम स्वीकृति मिली है। रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के सामने थीम और डिजाइन के चयन के बाद झांकी का थ्रीडी मॉडल प्रस्तुत किया गया। अंत में संगीत चयन के साथ ही झांकी को अंतिम स्वीकृति मिल गई। झांकी की थीम और डिजाइन ने चयनकर्ताओं को खासा आकर्षित किया। परेड में शामिल होने वाली झांकियों के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालय और विभागों से रक्षा मंत्रालय प्रस्ताव मांगता है। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है। झांकियों के चयन के लिए विशेषज्ञ समिति के साथ विभिन्न चरणों में कई बैठकें होती हैं। कमेटी में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति, कोरियोग्राफर आदि शामिल रहते हैं। विशेषज्ञ समिति थीम के आधार पर प्रस्तावों की जांच करती है। सिफारिशें करने से पहले कमेटी द्वारा अवधारणा, डिजाइन और इसके दृश्य प्रभाव पर ध्यान दिया जाता है।

# राजेश श्यामकर ने विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश श्यामकर ने छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने के बाद प्रदेश की प्रजा में खुशहाली का माहौल है। श्री श्यामकर ने विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनने पर रायपुर के कॉफी हाउस में पहुंचकर मुलाकात किया। तत्पश्चात उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं दी। राजेश श्यामकर के नेतृत्व में विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री से मिलने वालों में मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश यादव, महामंत्री परदेसी सोनबोईर, हेमंत मेश्राम आदि शामिल थे।

# छुरिया में चला बुलडोजर, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया गया

छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया सीमा क्षेत्र अंतर्गत डोंगरगांव-छुरिया सड़क मार्ग पर यातायात व्यवस्था बहाल करने गुरूवार को शासन-प्रशासन ने संयुक्त रूप से सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण किए दुकानों पर से कब्जा हटाया गया है। इस संयुक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग, नगर पंचायत, पुलिस विभाग के आला अधिकारी उपस्थित थे।




उल्लेखनीय है कि छुरिया-डोंगरगांव मार्ग एवं कल्लूबंजारी सड़क मार्ग में सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण के चलते वाहनों की लंबी कतारे लग जाती थी, जिससे नगर का यातायात बाधित हो जाता था। आमजनों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ता था। इसी मद्देनजर लगभग सप्ताह भर पूर्व नगर पंचायत कार्यालय द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस थमाया गया था। इसी कड़ी में गुरूवार को तहसीलदार विजय कोठारी, नगर पंचायत सीएमओ सचिन गुप्ता, थाना प्रभारी शिव चन्द्रा ने सड़क किनारे अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाने की कार्यवाही की है। नगर पंचायत सीएमओ श्री गुप्ता ने बताया कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदार अपना बेजा कब्जा नहीं हटा रहे थे। जिसके चलते अतिक्रमण हटाओ मुहिम अभियान चलाकर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया गया है।

> आगे भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जायेगी।
> **सचिन गुप्ता, सीएमओ नगर पंचायत - छुरिया**

# सोमनी में राष्ट्रीय एकता शिविर 2024 का हुआ आगाज

राजनांदगांव (दावा)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज सोमनी में राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के आयोजन में राष्ट्रीय एकता शिविर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ महतारी एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात छ.ग. राज गीत एवं लक्ष्य गीत द्वारा सत्र का आगाज किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता डॉ अरुण पलटा, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक श्रोत्री, क्षेत्रीय निदेशक, भोपाल, डॉ. नीता बाजपेई, राज्य संपर्क अधिकारी, डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, डॉ. आर.के. ठाकुर, प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद मॉडल कॉलेज, सोमनी एवं डॉ.आर.पी.अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक, रा.से.यो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने उद्बोधन में विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के सपने को पूरा करने के लिए युवा भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत के लिए रा.से.यो, छ.ग, कार्य कर रही है। इस शिविर के माध्यम से 2047 मैं भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है । यह शिविर एक लघु भारत का ही रूप है जिसमें भारत के 14 राज्यों के स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं जिनमें हुनर ज्ञान अपार संभावनाओं से भरा हुआ है। हमें इन्हें श्रेष्ठ मंच प्रदान करना है। श्री बघेल ने बताया कि विद्यार्थी कल में वे स्वयं भी स्वयंसेवक रहे हैं तथा यह एक सर्वश्रेष्ठ मंच है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। डॉ.नीता बाजपेयी, राज्य संपर्क अधिकारी, ने अपने स्वागत भाषण में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के मेजबानी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर की ओर से सभी 14 राज्यों का स्वागत किया। डॉ. अरुणा पल्टा के उद्घाटन भाषण ने प्रेरणा का संदेश दिया, जो बहु सांस्कृतिक दुनिया की जटिलताओं को सहानुभूति और समझ के साथ समझने के लिए सुसज्जित जिम्मेदार विश्व नागरिकों के पोषण के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। डॉ. अशोक श्रोति ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे राष्ट्रीय एकता शिविर बाधाओं को तोड़ने, सार्थक संवादों को बढ़ावा देने और स्थायी मित्रता बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है जो सांस्कृतिक और सामाजिक विभाजन को पार करता है। डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने आगे विविधता को अपनाने और विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर साझा पहचान की भावना को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से हर तरह के सहयोग का भी आश्वासन दिया। डॉ. आर.पी.अग्रवाल ने उन सभी के लिए आभार प्रदर्शन किया जिन्होंने शिविर के सफल शुभारंभ में अपना योगदान दिया। शिविर के द्वितीय सत्र में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी 14 राज्यों के दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। संध्या काल में सभी राज्यों के पारंपरिक लोकगीत एवं लोक नृत्य पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ द्वितीय दिवस का समापन हुआ।




# ईदगाह मैदान में कल से जिला स्तरीय मुस्लिम समाज सम्मेलन

राजनांदगांव(दावा)। शहर के मठपारा रोड स्थित ईदगाह मैदान में कल 6 जनवरी से जिला स्तरीय मुस्लिम सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि शहर के मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय मुस्लिम सम्मेलन को गत वर्ष रायपुर भिलाई दुर्ग आदि जगहों से मुस्लिम समुदाय के लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला था तथा इस आयोजन की प्रदेश भर में अच्छी सराहना हुई थी। इससे इसके आयोजकों में काफी उत्साह बना हुआ है। इस बार नये वर्ष के दौरान कल 6 व परसों 7 जनवरी को ईदगाह मैदान में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाना और समाज के विकास की दिशा में अग्रसर करना है। बता दें कि गत वर्ष के आयोजन में जिले भर के तकरीबन 10 हजार लोगों ने भाग लिया था। बताया गया कि इस तरह के आयोजन से समाज के लोगों में आपसी मेल जोल होता है। इस साल इस आयोजन को समाज के लोगों का और भी रिस्पांस मिलेगा।




**शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार उन्मुखी वृहद सम्मेलन में जुटेंगे मुस्लिम समाज के लोग**

इस संबंध में पत्रकार वार्ता लेते हुए में समाज के प्रमुख रईस अहमद शकील ने बताया कि किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए दीनी तालीम, बिजनेस, शिक्षा, सेहत और खेलकूद सब को लेकर के यह आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी एक ही जगह स्टॉल के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जाएगी। वहीं बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार से संबंधित जानकारी, योजनाओं की जानकारी, वैकेंसी, लघु उद्योगों से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सम्मेलन में नया व्यापार चालू करने के संबंध में जानकारी, खेल, जिम, कराते, अखाड़ा, नशा मुक्ति अभियान, दीनी व दुनियावी तालीम, किताबों की अध्ययन की जानकारी दी जाएगी। वहीं हेल्थ चेकअप कैंप आयोजन किया जाएगा एवं ÷निकाह÷ हेतु मुस्लिम समाज के युवक की युवतियों का परिचय सम्मेलन बायोडाटा संकलन आदि का कार्य किया जाएगा।

समाज के आदिल रिजवी ने बताया कि शिक्षा सम्मेलन के मुख्य उद्देश्यों में सबसे अव्वल यह है कि इस क्षेत्र में सम्मेलन के जरिए एजुकेशन मेला, बच्चों को अपने-अपने हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान करना और बच्चों में प्रतियोगिता की भावना को बढ़ावा देना है। वहीं ऐसे बच्चों को चिन्हित करना जो विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद हो, जिसे करियर काउंसलिंग के जरिए अपने करियर बनाने हेतु जानकारी दी जाएगी। इनके अलावा मुसलमानों का विज्ञान और आविष्कारों में योगदान पर चर्चा होगी व अपने इतिहास की प्रदर्शनी लगवाई जाएगी। ताकि वह भी ऐसे प्रेरणा हासिल कर समाज के हित में काम करें।

रोजाना दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में समाज सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर नशा मुक्ति की समझाइश दी जाएगी। नगर निगम के माहिर अग्निशमन दल के जरिए आग पर काबू पाने का भी प्रदर्शन आपदा राहत एवं बचाव की जानकारी दी जाएगी। प्रेस वार्ता में पेंड्री स्थित मोहद्दीसे आजम स्कूल में बच्चों को 8 वीं तक फ्री शिक्षा के संबंध में भी बताया गया।

पत्रकारवार्ता में सैय्यद अली अहमद, हाजी तनवीर अहमद, सैय्यद अफ़ज़ल अली, रशीद भाई बेरिंग, जलालुद्दीन निर्वाण, आसिम अहमद, आफताब अहमद आदि भी उपस्थित रहे।

# मनुष्य के कर्मों से निर्धारित होता है अगला जन्म- पं. अर्पित शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय संत श्री रमेश भाई ओझा एवं श्री वसंत शास्त्री मथुरा के शिष्य अर्पित भाई शर्मा ने बलदेव बाग में साहू अपार्टमेंट में प्रकाश नत्थानी एवं प्रमोद नत्थानी परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में व्यासपीठ से कहा कि मनुष्य का अगला जन्म उसके कर्मों से निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है।

**बलदेव बाग में भागवत कथा शुरू**

पंडित शर्मा ने धुंधकारी के बारे में बताते हुए कहा कि धुंधकारी अपने कर्मों से प्रेत योनि को प्राप्त किया। उसका कल्याण 'गया श्राद्ध' से भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसी कथा है जो प्रेत योनि से उद्धार कर देती है। गोकर्ण के द्वारा भागवत कथा सुनने के बाद ही धुंधकारी को प्रेत योनि से छुटकारा मिला। बलदेव बाग में आयोजित इस कथा को सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भागवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने लोगों को सीख दी कि अपने कर्म ऐसे करें कि अगले जन्म में आपको कोई बाधा ना आए। अर्पित भाई शर्मा द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा सुनाई जा रही है। आज 4 जनवरी को अर्पित भाई शर्मा द्वारा सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म एवं वराह अवतार की कथा सुनाई गई। कल 5 जनवरी शुक्रवार को उनके द्वारा कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जायेगी।

# भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में धान खरीदी की तिथि बढ़ाने मुख्यमंत्री के नाम घुमका में सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव। घुमका में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। भुनेश्वर बघेल ने कहा कि 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया है, जो 31 जनवरी तक की तिथि शासन द्वारा निर्धारित है, लेकिन इन तिथि तक धान खरीदी करना संभव नहीं दिख रहा है, जिससे किसान चिंतित है, किसानों की समस्याओं को देखते हुए व सरकार के लक्ष्य के तहत धान खरीदी हो सके, उसके लिए कम से कम 1 माह धान खरीदी बढ़ाये जाने की मांग है। ज्ञापन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पुराणिक, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमित राजपूत, रमाकांत साहू, नेमदास साहू, जयकुमार वर्मा, अखिलेश दुबे, पीयूष दुबे, रितेश सिन्हा, राकेश वर्मा, तुंभलाल वर्मा, गिरीश साहू आदि कार्यकर्ताओं सहित किसान उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर किया जाएगा पुरस्कृत

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु इच्छुक जिले के अधिकारी-कर्मचारी तैयार किए गए क्रिएटिव व स्लोगन को संकलित कर अपना नामांकन 5 जनवरी 2024 के पूर्व कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) राजनांदगांव को करने कहा गया है।

जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) श्रीमती रश्मि सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के तहत जिला एवं राज्य के समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सोशल मीडिया में प्रयोग तथा होर्डिंग बैनर पोस्टर व दीवारों पर प्रकाशन हेतु नारा लेखन में प्रयुक्त होने वाले क्रिएटिव एवं मतदाता जागरूकता के संदेशों को उत्कृष्टता से डिजाइन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। जिले से प्राप्त नामांकन को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा संवीक्षा उपरांत पुरस्कार हेतु पात्र अधिकारी-कर्मचारी का चयन किया जाएगा। पुरस्कार के लिए चयनित अधिकारी-कर्मचारी को 7500 रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## अनमोल दावा

**जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।**

## किसी कानून को लागू करने से पहले प्रभावित पक्षों के साथ राय-मशविरा करने की जरूरत

'हिट एंड रन' के मामले में अब तक भारतीय दंड संहिता में कोई विशेष प्रावधान नहीं था और जानलेवा हादसों के बाद लापरवाही के कारण मौत की धाराओं के तहत ही कार्रवाई होती थी, जिसमें दो वर्ष तक की जेल की सजा तय की गई थी। सरकार के आश्वासन के बाद देश भर में ट्रक चालकों की हड़ताल के बाद उपजी मुश्किल शायद फिलहाल खत्म हो जाए, मगर इससे एक बार फिर यह साफ हुआ है कि व्यापक असर वाले किसी कानून को लागू करने से पहले उससे प्रभावित पक्षों के साथ राय-मशविरा करना एक जरूरी पहलू होना चाहिए। गौरतलब है कि च्हिट एंड रनज् यानी हादसे के बाद वाहन चालक के भाग जाने के मामलों में नए कानून के तहत सख्त प्रावधानों के खिलाफ ट्रक, टैक्सी और बस संचालकों के संगठनों ने देश भर में हड़ताल शुरू कर दी थी। इसके बाद न केवल सामान्य आवाजाही पर बुरी तरह असर पड़ा, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित होनी शुरू हो गई, दो हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप ठप पड़ गए। जाहिर है, इसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ना शुरू हो गया और आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कमी हुई और उनकी कीमतें चढ़नी शुरू हो गई। यह स्थिति शायद जल्दबाजी में लिए एक ऐसे निर्णय की वजह से पैदा हुई, जिसका असर व्यवहार में कुछ कसौटियों पर सवालों के घेरे में माना जा रहा है।

दरअसल, च्हिट एंड रनज् के मामले में अब तक भारतीय दंड संहिता में कोई विशेष प्रावधान नहीं था और जानलेवा हादसों के बाद लापरवाही के कारण मौत की धाराओं के तहत ही कार्रवाई होती थी, जिसमें दो वर्ष तक की जेल की सजा तय की गई थी। ज्यादातर मामलों में चालक को जमानत भी मिल जाती थी। मगर नए कानून के मुताबिक, कोई भी चालक अगर तेज और लापरवाही से वाहन चला कर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और मौके से भाग जाता है तो उसके लिए उसे दस वर्ष की जेल होगी और सात लाख रुपए जुर्माना देना होगा।

देश में व्यावसायिक वाहनों और खासतौर पर ट्रक चालकों के रोजगार, पारिश्रमिक और काम की जो स्थितियां रही हैं, उसमें उनके बीच यह खौफ फैला कि नया कानून लागू होने के बाद उनके लिए सड़क पर सहज होकर चलना मुश्किल हो जाएगा। उनका मानना यह है कि कई बार हादसों में उनकी गलती नहीं होती है, लेकिन नया कानून लागू हुआ तो दुर्घटना के बाद आम लोगों की उग्र प्रतिक्रिया से लेकर कानूनी प्रावधान तक उनके जीवन के लिए बड़ा आघात साबित होगा। इसी आशंका की वजह से व्यावसायिक वाहन चालकों के बीच व्यापक विरोध पैदा हुआ। हालांकि नए कानून में इस प्रावधान को लाने के पीछे सरकार ने अपनी यही मंशा जाहिर की कि अब तक हादसों के बाद भाग जाने की प्रवृत्ति रही है और इस क्रम में कई दोषी या तो बच जाते थे या पकड़े जाने पर उन्हें मामूली सजा मिलती थी। सड़कों पर बेलगाम वाहन चलाने और उसकी वजह से होने वाले हादसों पर काबू पाने के लिहाज से इसे एक सख्त पहल कहा जा सकता है।

मगर इसका एक पहलू यह भी है कि देश में सड़कों से लेकर यातायात की स्थिति और नियम-कायदों का पालन करने के प्रति गंभीरता की जो तस्वीर रही है, वह हादसों की जिम्मेदारी को जटिल बना देती है। इसलिए इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों से प्रभावित लोगों के बीच सवाल उठना लाजिमी है। व्यापक दायरे और प्रभावित वर्गों के साथ विचार-विमर्श के बिना किसी कानून को लागू करने और उस पर रोक की असुविधाजनक स्थिति इससे पहले कृषि कानूनों को वापस लेने के समय भी देखी गई थी। ट्रकों की हड़ताल से उपजे हालात के बाद सरकार ने कानून को लागू करने से पहले संबंधित पक्षों से राय-मशविरा करने का आश्वासन दिया, लेकिन अगर यह काम पहले कर लिया गया होता तो शायद देश भर में अफरातफरी पैदा नहीं होती।

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

- ललित गर्ग-



देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बड़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षीप्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरेया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बड़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है। पक्षियों को बीज और फल बोने, उगाने और फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य मिलता है, जिससे वनस्पतियों का प्रजनन होता है। इसके अलावा, पक्षी भी कीट-नियंत्रण करने में मदद करते हैं, जो हमारे खेती और फसलों को सुरक्षित रखता है। पक्षियों का एक और महत्वपूर्ण योगदान हमारे बायोडायवर्सिटी की सुस्थिति बनाए रखना है। पक्षियों के संकट ग्रस्त होने से हमारे प्राकृतिक परिदृश्य, बायोलॉजिकल संतुलन और वातावरणीय सेवाओं में कमी आती है। जंगलों की कटाई, अनुचित वन्यजीव व्यापार, औद्योगिकीकरण, वन, आग, जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, जैव उपयोग और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के आवास की हानि हो रही है। इसके अलावा, जीवाश्मी शस्त्रधारी पक्षी जैसे कीटों और रोगों के आक्रमण के कारण भी पक्षियों की संख्या में गिरावट होती है।



आज राष्ट्रीय पक्षी दिवस

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है।

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है। मोर का शिकार भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसे भारतीय वन्य-जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण दिया गया है फिर भी मोर का बड़ी मात्रा में शिकार हो रहा है। मोर एवं गौरेया पक्षी की भांति अनेक पक्षी प्रजातियां मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं।

आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 28: महर्षि विश्वामित्र का अयोध्या आगमन

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय



ऋषि विश्वामित्र यज्ञ ध्वंस करने वालों को रोक क्यों नहीं पा रहे हैं?इस प्रश्न का अधिक स्पष्ट उत्तर किसी के पास नहीं था।राजा ने सेनापति को इस मामले का अन्वेषण करने और गुप्तचरों के एक दल को दंडक क्षेत्र में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने राजसभा के बाद पृथक से मंत्रिपरिषद की बैठक में इस विषय पर और अधिक विचार करने की बात कहकर राजसभा विसर्जित कर दी।

अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। कुछ ही दिनों बाद महर्षि विश्वामित्र अयोध्या आ पहुंचे।अचानक महर्षि विश्वामित्र के आगमन की सूचना से राजा दशरथ भाव विभोर हो गए। विश्वामित्र जी का अयोध्या आगमन उनके लिए हर्ष का विषय था। राजा दशरथ को दंडक वन में अशांति की एक दो घटनाओं की सूचना तो थी लेकिन वे यह जानते थे कि महर्षि विश्वामित्र स्वयं किसी भी घटना का सामना करने में सक्षम हैं। वे महर्षि के आने का प्रयोजन नहीं समझ पाए।उनका स्वागत करने के बाद राजा दशरथ ने पूछा, आपका अयोध्या आना मेरा सौभाग्य है। कहिए आपका आगमन किस पावन उद्देश्य से हुआ है? अगर यह राज्य आपके आदेश का पालन कर पाया तो यह मेरे लिए सर्वाधिक प्रसन्नता का विषय होगा।



मुस्कुराते हुए विश्वामित्र जी ने कहा, मुझे दस दिनों के लिए राम और लक्ष्मण दोनों राजकुमार चाहिए।

राजा दशरथ यह सुनकर व्याकुल हो गए। उन्होंने सोचा ही नहीं था कि महर्षि विश्वामित्र जी दोनों राजकुमारों को मांग लेंगे।

क्या मैं प्रयोजन जान सकता हूं मुनिवर? कृपा कर मार्गदर्शन करें। राजा दशरथ ने चिंतित स्वर में पूछा।

राजा के मन में अपने चारों पुत्रों के प्रति अतिशय प्रेम है।राजा का दस दिनों के लिए उनसे दूर रहना संभव नहीं था।

राजा की दुविधा का निवारण करते हुए महर्षि विश्वामित्र ने बताया, हे राजन! मैं दंडक वन में पिछले कुछ समय से यज्ञ कर रहा हूं लेकिन मारीच और सुबाहु नामक दैत्य अपने अनुचरों के साथ इसकी पूर्णता में बाधा डाल रहे हैं। जब यज्ञ की पूर्णता का समय आता है तो वे राक्षस यज्ञवेदी पर रक्त और मांस की वर्षा कर देते हैं।

राजा दशरथ ने कहा, मुनिवर यह अत्यंत चिंता का विषय है। क्या वे आपके शौर्य और आपकी तपस्या की शक्ति से अपरिचित हैं?

मुनि ने उत्तर दिया, कदाचित नहीं! लेकिन वे यह जानते हैं कि मुनि यज्ञ अपूर्ण नहीं छोड़ेंगे और वे इसी का लाभ उठाते हैं। इस यज्ञ के नियम ऐसे हैं कि मैं किसी को शाप भी नहीं दे सकता हूं। यह यज्ञ अनवरत संचालित होना चाहिए और मैं इसे बीच में रोक भी नहीं सकता हूं।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है।युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## सामयिक चर्चा

### मधुकर से मधुर क्योंकि......?

मनराखन पंडित पुरोहित को बहुत मानते हैं।
वे अपने पुरोहित को महराज जी कहते हैं।
जो कुछ-कुछ ज्योतिष भी जानते हैं।
मनराखन को 'म'अक्षर से लगाव हैं।
उनके पिताजी का नाम मदन लाल
तो मनराखन ने अपने बेटे का नाम
मनोहर रखा, जिसमें सुन्दरता का भाव है।
अब वे, मनोहर के पुत्र का क्या नाम रखें
यही पूछने पुरोहित जी के पास आए।
पंडित शर्मा जी ने विचार कर
'मधुकर' नाम बताए
मनराखन खुश होकर-
इंकावन रूपया दक्षिणा देकर
बोले- 'मधुकर' आपने बताया अच्छा नाम।
अब करेगा अच्छा काम।
फिर शर्मा जी की टेबल पर,
अचानक अखबार देखकर,
मनराखन एकाएक बोल उठे-
''महराज जी! चार अक्षर का नाम ठीक नहीं।
मेरी दृष्टि में तीन अक्षर का नाम ही होगा सही।
देखिए! अटल जी के बाद लौह पुरूष आडवाणी जी
प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गये।
और उन्हें दरकिनार कर, आशीर्वादक बनाकर
गुजरात से आए मोदी जी पीएम बन गये।
और आज की खबर पढ़िए-
हिडनबर्ग मामले में अडाणी की बड़ी जीत।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा-
एस.आई.टी. की जरूरत नहीं।
तो पंडित जी! देखा आपने-
चार अक्षरों वाले आडवाणी रह गये।
और तीन अक्षर के अडाणी के
संकट टल गये।
तो मैं अपने पोते का नाम
चार अक्षरों का मधुकर नहीं रखूंगा।
बल्कि मधुकर को तीन अक्षर में
बदलकर उसे 'मधुर' कहूंगा।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### // सजा //

कोर्ट में जज ने न्याय सुनाने से पहले कटघरे में खड़े विजय से पूछा- 'मिस्टर विजय! क्या तुम्हें अपनी सफाई में कुछ कहना है?'

अपराध बोध में डूबे विजय का जवाब था- 'योर आनर! हाँ, मैंने अपनी बीवी की हत्या की है। आप मुझे जो सजा देना चाहते हैं; मंजूर है। मुझे सजा मिलनी ही चाहिए।'

फिर पुलिस विजय को कोर्ट से बाहर ले जाने लगी। तभी पीछे से एक आवाज आई - 'पापा... पापा...! पर हमें किस बात की सजा मिल रही है।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## राशिफल

**मेष** — कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यों को लेकर नई प्लानिंग बना सकते हैं, परंतु आपकी नौकरी में आपका ट्रांसफर की संभावना अधिक दिख रही है, इसलिए आप पहले से सावधान रहें, आपको अधिक वेतन मिल सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो सकती है।

**वृषभ** — नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में बहुत अधिक कार्य करना होगा, परंतु उस कार्य को करने से आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है. आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक खुश रहेंगे और वह आपका प्रमोशन कर सकते हैं. लाभ मिलना मुश्किल हो सकता है।

**मिथुन** — कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यक्षेत्र में और अपने दफ्तर में अपने क्रोध पर कंट्रोल रखे, अपने ऑफिस के अधीनस्थ पर आगबबूला ना हो, आपको उन्नति मिलने की संभावना बन रही है. परंतु काम धंधे में लाभ और हानि चलती रहती है.

**कर्क** — नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग क्रोध और तनाव की स्थिति में अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करेंगे तो उन्हें सभी कार्यों को करने में देर कर देरी के लिए डांट खानी पड़ सकती है, इसीलिए आप अपना कार्य बहुत अधिक मन लगाकर ध्यान से करें, आपको अपना दिमाग और अधिक लगाना होगा।

**सिंह** — कल का दिन बहुत ही अधिक मेहनत वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक मेहनत करें और विशिष्ट तरीके से अपने ऑडिया से जीत हासिल कर पाने में सक्षम रहेंगे. कल बहुत अधिक अच्छा लाभ मिल सकता है. उनके सामानों की बिक्री बहुत अधिक बढ़ सकती है.

**कन्या** — नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने करियर की समस्याओं से बाहर निकालने के लिए खुद रास्ता ढूंढेंगे तो आपको कामयाबी मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो दवा के व्यापारियों को कल अपने दस्तावेजों को अधिक संभाल कर रखना होगा तथा अपने सरकारी दस्तावेज पूरे रखने होंगे।

**तुला** — नौकरी के लिए आप यदि प्रयास कर रहे हैं या नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको निराशा हाथ लगेगी इसलिए आप अपनी पुरानी नौकरी पर ही ध्यान केंद्रित करें और उसी में सफल होने की कोशिश करें. इस पुरानी नौकरी में ही आपको प्रमोशन मिल सकता है. अपने भविष्य के लिए कुछ नई योजनाएं बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — कल का दिन बहुत अच्छा रहेगा. कल आपका दिन बहुत ही सुख और उन्नतिदायक रहेगी. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य के प्रति ऊर्जावान रहेंगे, आपके ऑफिस में आपके सहयोगी आपकी बहुत अधिक तारीफ करेंगे, आप बहुत अधिक सक्रिय रहेंगे.

**धनु** — नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका आपके दफ्तर में डाटा लॉस हो सकता है, जिसके कारण आपको जल्दबाजी में कोई कार्य करने से बचना होगा, अन्यथा आपसे कोई बहुत बड़ी गलती हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों के बात करें तो कल आपको भेजा पाकुर आगे बढ़ाने के लिए बहुत धैर्य रखना होगा.

**मकर** — कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने करने वाले जातकों के लिए कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. आप अपनो के साथ में अधिक अपेक्षा ना करें, अपने सहकर्मियों के साथ में अच्छा व्यवहार रखें. वह आपकी परेशानी के समय में आपकी मदद कर सकते हैं. जिससे आपको बहुत अधिक लाभ रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा.

**कुंभ** — कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपने अपनी नई-नई नौकरी यदि आपने अभी नई-नई नौकरी शुरू की है तो आप अपनी नौकरी में बहुत ही मन लगाकर कार्य करें. आपके अधिकारी आपसे प्रसन्न होंगे और वह आपका प्रमोशन भी कर सकते हैं.

**मीन** — कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा. कल आपका मन किसी बात को लेकर बहुत अधिक परेशान रहेगा. आप उसके लिए परेशान होने की जगह कुछ सीखने की प्रयास करें और अपनी कमियों को दूर करने का भी प्रयास करें, जिसके कारण आपको सफलता मिलेगी. आप अपने व्यापार को अच्छे से नहीं चला पाएंगे।

## पहला कॉलम...

### खैरागढ़ कालेज रासेयो शिविर कटंगी खुर्द में उद्घाटित



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ सात दिवसीय रासेयो शिविर कटंगी खुर्द में 02 जनवरी 2024 से 08 जनवरी 2024 तक आयोजित है। रासेयो शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि सरपंच रोहित वर्मा, अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे, विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव, कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, पंच गण एवं शिक्षकों की उपस्थिति में उद्घाटित हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द जी, मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राजकीय गीत समस्त छात्रों ने एवं स्वागत गीत लीना वर्मा गौरी यदु ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सरपंच रोहित वर्मा ने रासेयो शिविर आयोजन हेतु समस्त सहयोग करने की बात करते हुए खुशी जताई। अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने स्वामी विवेकानन्द जी के चरित्र को अपनाने एवं युवाओं को शिविर अवधि में लक्ष्य अनुरूप अनुशासित रुप से कार्य करने प्रेरित किया। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने रासेयो शिविर 2024 के थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा को रेखांकित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशा से दूरी बनाए रखने जन जागरुकता अभियान चलाने कहा। रासेयो लक्ष्य एवं उद्देश्य को बताते हुए सात दिवसीय रासेयो शिविर के समय सारिणी को विस्तार पूर्वक बताया। प्रधान पाठक राजकुमार बेरबंशी, बी. आर. वर्मा, शिक्षक हेमंत रामटेके ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य अनुसार क्रियान्वयन पर ग्रामीणों से सहयोग की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने रासेयो शिविर लगाने हेतु सरपंच सहित ग्राम पंचायत कटंगीखुर्द निवासी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंच कमला पटेल, पंच अमरीका बाई, पंच राजेन्द्र गायकवाड़ सहित गणमान्य नागरिक, दलनायक टिकेन्द वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, श्रुति अग्रवाल, सीमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन गिरवर साहू, एमन लाल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन यशपाल जंघेल ने किया।

### झूरानदी पुल के पास से मोटरसाइकिल की चोरी

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी गोसाईराम निर्मलकर उम्र 45 साल निवासी नागरकोहरा ने पुलिस को बताया की वह पेशे से कृषक है। दिनांक 31 दिसंबर को नारायणग का साप्ताहिक बाजार होने से शाम करीबन 17/30 बजे अपने मोटर सायकल से जाकर झूरानदी पुल के पास बापूटोला जी0ई0 रोड किनारे मे गाडी को खडा करके सब्जी लेने बाजार गया था एवं कुछ देर बाद वहां आकर देखा तो मेरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एएफ 3791 जिसका चेचिस नंबर एमबीएलएचएआर 189 एचएनजी 17499 इंजन नंबर एचए 10 ए सीएनएचजीएस 1481 वहां पर नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। तब से लगातार अपनी मोटर सायकल का पता कर रहा था एम नहीं मिलने पर रिपोर्ट करने पुलिस चौकी चिचोला आया हूं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 10 कट्टा मासूरी धान की घर के बरामदा से चोरी

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी सवल राम गौड़ 75 वर्षीय निवासी ग्राम राका ने पुलिस को बताया की वह खेती किसानी का काम करता है। एक सप्ताह पूर्व धान मिंजाई कर 120 कट्टा मासूरी धान को घर के बरामदा बाड़ी में ढक कर रखा था। दिनांक 01 जनवरी के रात्रि 10/00 बजे देखा तो पूरा धान का कट्टा ढका हुआ रखा था। दिनांक 02 जनवरी के सुबह 05/00 बजे सोकर उठकर देखा तो 120 कट्टा धान में से 10 कट्टा धान कीमती 12,000 रूपये नही था । धान आसपास बिखरा हुआ था। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। जिसे आसपास पता तलाश किया नही मिला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### दल्लीराजहरा में धार्मिक आस्था का केंद्र शिव संस्कार धाम की नई कार्यकारिणी का गठन

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। टाउनशिप में शिव संस्कार धाम भगवान शिव की साधना आराधना के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठान व सामाजिक संस्कार का केंद्र है द्य इस मंदिर का निर्माण 1978 में सीआईएसएफके जवानों के द्वारा किया गया था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बीएसपी कर्मचारियों के द्वारा पूजा पाठ किया जाता रहा है द्य रखरखाव और पूजा करते हुए आज पूरा दल्लीराजहरा टाउनशिप वासी पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना लेकर भोले बाबा के दर पर आते हैं और भोले बाबा उनकी मनोकामना अवश्य पूरा करते हैं।

यहां पर विभिन्न हिंदू संस्कार निःशुल्क किया जाता है , चाहे वह हिंदू नव वर्ष की आयोजन हो या फिर महाशिवरात्रि के समय का कांवर यात्रा का आयोजन हो। सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शिव संस्कार धाम सेवा समिति का गठन किया गया है। जिनमें सभी पदाधिकारी मनोनीत किए गए हैं। अध्यक्ष निलेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सौरभ भूषण ,राजेश श्रीवास्तव, सचिव कमलेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष हेमशंकर साहू, उपकोषाध्यक्ष रमेश रावटे , सह सचिव शेखर सिन्हा व मदन देवांगन, संगठन मंत्री संजय सिंह, पूजा सचिव महेंद्र भट्ट प्रमोद गुप्ता, गोपी निषाद एवं राजकुमार शर्मा सांस्कृतिक सचिव जे, आर, यादव, राकेश सोनबोइर व साधुराम चुरेन्द्र कार्यकारिणी सदस्य अतुल लालवानी, संतोष सिन्हा, दीपक साहू, अजय कुकरेजा , सुशील गुप्ता।

### नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

बालोद (दावा)। बालोद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपरान्ह संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री शर्मा ने नवपदस्थ कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल को कलेक्टर बालोद के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री चंद्रवाल के संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम बालोद श्रीमती शीतल बंसल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय एसडीएम गुण्डरदेही मनोज मरकाम, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरकार की योजना गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा संकल्प - रामजी भारती

## विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम को फर्जी भेंट मुलाकात का स्वरूप न दे अधिकारी-कर्मचारी - रवि अग्रवाल

डोंगरगढ़(दावा)। विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत घुसेरा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामजी भारती, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेंद्र वैष्णव उपस्थित रहे।शिविर में सभी विभाग के कर्मचारियों ने सरकार की योजना को ग्रामीणों को बताया और शिविर में उज्वला गैस हितग्राहियों का के वाय सी किया गया। आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

कृषि विभाग द्वारा योजना की जानकारी साझा की गई। महिला एवम् बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन और गोद भराई का कार्यक्रम किया गया।इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की योजना और प्रदेश में नवनिर्वाचित सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। साथ ही उपस्थित सभी को 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित होने वाले कार्यक्रम को दीपावली की तरह बनाने का आग्रह किया।



पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के भेंट मुलाकात कार्यक्रम की निंदा की। जनपद सदस्य ने इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आव्हान किया कि पूर्व सरकार के भेंट मुलाकात कार्यक्रम की तरह इस कार्यक्रम को न बनाया जाए। जिस प्रकार भेंट मुलाकात कार्यक्रम में फर्जी लाभार्थियों से सीखा पढ़ाकर बोलवाया जाता था, उस तरह यहां फर्जी हितग्राहियों से न बुलवाया जाए और सभी को धरातल की सच्चाई से अवगत कराया जाए तथा विकास कार्यो को गति प्रदान कर ग्रामीणों को योजना से जोड़ा जाए।इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम ने भी संबोधित किया और आभार अब्दुल कादर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पीताम्बर सिन्हा ,रामगुलाल सिन्हा उदय सिन्हा हरी निषाद चंद्रेश्वर पटेल स्वर्ण मंडावी कीर्तन चंद्रवंशी राजेंद्र धुर्वे हिरामन बंजारे ईश्वर साहू रशीद खान जनपद के विजय प्रताप सिंह,नेहा सहारे , प्रवीण गड़पायले खिलेश्वरी निर्मल पंचायत सचिव सहित बिहान समूह की महिलाए और शाला परिवार के शिक्षक उपस्थित थे।

## विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पहुंची गोपालपुर एवं खोभा, उमरवाही एवं बरबसपुर

छुरिया (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं की आउटरीच गतिविधियों के माध्यम योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता लाना तथा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकासखण्ड छुरिया के सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज दिनांक 4 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत गोपालपुर एवं खोभा ग्राम पंचायत उमरवाही एवं बरबसपुर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत समिति द्वारा वेन का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री जी का संदेश एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य की जानकारी वेन के माध्यम से चलचित्र प्रसारण कर दिया गया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोपालपुर में मुख्य अतिथि चन्द्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं सांसद प्रतिनिधि, अध्यक्षता संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, ग्राम पंचायत खोभा में मुख्य अतिथि जगजीत सिंह भाटिया पूर्व प्रदेश मंत्री, अध्यक्षता कांता साहू, सरपंच इमेश कुमार चंद्रवंशी, तथा ग्राम पंचायत उमरवाही एवं बरबसपुर में मुख्य अतिथि अनंत तिवारी जिला मंत्री भाजपा, अध्यक्षता भूपेंद्र नायक जनपद सदस्य व पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में विकसित भारत के लिए मुख्य अतिथि के द्वारा शपथ दिलाया गया।

इसी क्रम में पर्यावरण सरंक्षण व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति- 'धरती कहे पुकार के' की प्रस्तुति स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा की गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' अंतर्गत अपना अनुभव साझा किया गया तथा हितग्राहियो द्वारा प्रधानमंत्री जी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विभिन्न विभागो द्वारा केन्द्र सरकार की योजनांतर्गत - प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अन्तर्गत एवं नया आवेदन लिया गया एवं अन्य विभाग स्टॉल में विभागीय योजनाओं में बारे ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजना अन्तर्गत हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त किया गया। आवास योजना, उज्ज्वला योजना के स्टालों में आवेदकों की भारी भीड़ रही. विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफल आयोजन के लिए जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. ओझा एवं सभी विभागीय अधिकारी/कर्मचारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## छात्र-छात्राओं को कराया गया चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.वी रेवती के दिशा-निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 30 दिसंबर को बीकॉम के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के साथ एमओयू हुए संस्थान चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ने ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित निःशुल्क सेवाओं के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में यहां निर्धन छात्र-छात्राओं के निःशुल्क शिक्षा हेतु स्कूल संचालित है एवं भविष्य में महाविद्यालय संचालन के बारे विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निर्धन बेरोजगारों को रोजगार सृजित करने हेतु समिति द्वारा निः शुल्क हाथकरघा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भ्रमण दौरान निर्माणाधीन मंदिर, हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया गया एवं उपस्थित प्राध्यापकगण, विद्यार्थियो को आचार्य श्री विद्यासागर का दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान आचार्य जी ने अच्छे राष्ट्र निर्माण में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया एवं् कैसे हम अपने जीवन को सार्थक व सफल कर सकते हैं के बारे में बताया। भ्रमण दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ई. व्ही. रेवती, सहायक प्राध्यापक जी.के. यादव, बेदप्रकाश साहू, ज्योति साहू, विजय तिवारी तथा बी.काम. के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वेस्ट से बेस्ट सामग्री आर्टेरियम प्रदर्शनी की कुलपति ने की सराहना

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में आर्टेरियम प्रदर्शनी किया गया। जिसमें वेस्ट मटेरियल से बेस्ट कलाकृतियां तैयार कर नया आकार दिया गया। इन सभी कलाकृतियों की लगाई गई प्रदर्शनी में वेस्ट से बेस्ट बनाया गया। आर्टेरियम प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि कुलपति दुर्ग विश्वविद्यालय डॉ.अरुणा पलटा, अध्यक्षता संचालक संजय अग्रवाल एवं डॉ. रचना पांडे प्राचार्य ने किया। आर्टेरियम का उद्घाटन कुलपति डॉ.अरुणा पलटा द्वारा रिबन काटकर और माता सरस्वती में दीप प्रचलित कर किया गया। कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एवं विकसित भारत अभियान नोडल अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट से बेस्ट बनाया गया जो कचरे का सर्वोत्तम उपयोग और अनुपयोगी वस्तुओं से नवीन आकार तथा घरेलू सामग्री से सजावटी घरेलू वस्तुओं को बनाकर कचरे के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के लिए तैयार किया गया जिसमें होने वाले प्रदूषण की संभावना कम होगी और पर्यावरण को लाभ होगाद्य विद्यार्थियों द्वारा धान की बाली, न्यूज़ पेपर, दिवाली वाले पटाखे का खराब हिस्सा, कपड़े रोल का पुट्ठा, डिस्पोजल, पुराना मटका, कार्डबोर्ड, पुट्टी पाउडर पुरानी लकड़ी की सुखीडाल, धान के बैच, पेपर डॉल, दिया सजाना, कॉन फ्लावर, हार्ट सेफ फ्लावर, नर्सरी डेकोरेशन विथ बॉटल पॉट, स्पून फ्लावर



पॉट, लैंप बांस से शो पीस स्टैंड, एल्युमिनियम कैंडल विथ क्राफ्ट पेपर, सेंटा विथ क्रिसमस ट्री, हैंगिंग झूमर मेड इन डिस्पोजल, सीनेट पॉट, मटका पॉट, पेपर फ्रेम, ऑर्गेंडी कपड़े, मास्क फ्लावर, स्टिक वॉल हैंगिंग, बटरफ्लाई सैफ वाले हैंगिंग, आइसक्रीम स्टिक हैंगिंग, जूट बास्केट वुल ट्री जैसे सैकड़ो सामग्री का निर्माण कर पर्यावरण के अनुकूल रचनात्मक निर्माण किया गया जो समूह में बनाकर प्रदर्शनी किया गया । प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने कहा कि छात्रों द्वारा जो प्रदर्शनी में सामग्री रखी गई है, वह पर्यावरण संरक्षण एवं इकोफ्रेंडली वस्तु है। कचरे समझकर हम फेंक देते हैं। वैसे कचरो का सर्वोत्तम उपयोग से कुछ उपयोगी और नवीन सामग्री घरेलू सामानों से रचनात्मक और सजावटी घरेलू वस्तु सैकड़ो तरीके से पुराने सामानों अखबार, इस्तेमाल की हुई बॉटल, खाली टीन के डब्बे, गट्टे के डिब्बे जो कूड़ेदान में अक्सर फेंक दी जाती है। उसे अपने घर को नया रूप देने बेकार सामग्रियों से बनाया गया। विद्यार्थियों में अपशिष्ट प्रबंधन और कूड़े कचरे को कम करने के प्रयास से यह बेकार वस्तुओं से सर्वोत्तम उपयोगी सामग्री तैयार कराया गयाद्य बच्चों में सर्वोत्तम रुचि बढ़ाने और घर पर आसानी से उपलब्ध सामग्री से घरेलू सजावट के सामान बनाए हैं, पुराने अखबार से तरह-तरह की आकृति वाले गुड़िया बस्तर आर्ट छत्तीसगढ़ की संस्कृति जैसे अनेक कलाकृति की गई है।जो विद्यार्थियों के अधिगम को दर्शाता है। आर्टेरियम प्रदर्शनी की मुख्य अतिथि डॉ. अरुणा पलटा कुलपति विश्वविद्यालय दुर्ग ने कहा कि यह प्रदर्शनी वेस्ट से बेस्ट जो पर्यावरण के अपशिष्ट को कम कर रहा है बल्कि यह पर्यावरण के रक्षा तथा लागत में भी काम है, इससे प्रदूषण की संभावना भी घट सकती है। इसमें पर्यावरण जागरूकता और रचनात्मकता दोनों को बढ़ावा मिलेगा। बेकार पड़ी सामग्रियों वस्तुओं को कलात्मक रचनाओं के माध्यम से पुनः उपयोग में शामिल करना जिससे नागरिकों के जीवन को आसान बना सकते हैं,पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छता सुनिश्चित होगी, सबसे महत्वपूर्ण बात अक्सर घर पर पड़ी चीजों को बेकार समझकर फेंक देते हैं जबकि उनका इस्तेमाल दोबारा किया जा सकता है। जो विद्यार्थियों ने वेस्ट से बेस्ट घर सजाने के लिए खराब चीजों से डेकोरेशन की सामग्री और फूल, कांच की बोतल जैसे चीजों से बहुत ही आकर्षक और अच्छी डिजाइन के वस्तु निर्मित किए हैं। वाह विद्यार्थियों के अंदर कौशल उन्नयन और उनके कार्य क्षमता दिखाता है, यह जीवकोपार्जन, स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व विकास और सबसे बड़ी बात विद्यार्थियों में कौशल विकास की क्षमता में वृद्धि करेगी। आज महाविद्यालय ने विकसित भारत अभियान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसमें युवाओं की सहभागिता यहां पर उकेरी गई विशाल रंगोली जो पूरे विकास की गाथा, आधुनिकता की राह को दर्शाती है, जो काफी आकर्षक भी है। महाविद्यालय में सेल्फीजोन का निर्माण वेस्ट मटेरियल से बनाया गया जिसमें डॉ.अरुणा पलटा कुलपति दुर्ग विश्वविद्यालय ने फोटो खिंचवाई। महाविद्यालय में लगे प्रदर्शनी अवलोकन कर विद्यार्थियों के इस कुशलता को जमकर सराहा और कहा कि उसे लगा की छोटे से कमरे में प्रदर्शनी होगी लेकिन यहां इतनी खूबसूरत सामग्री वैरायटी छात्रों के जिज्ञासा प्रदर्शित कर रहा है। महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल ने सर्वप्रथम कुलपति महोदय का स्वागत कर उन्हें धन्यवाद दिया महाविद्यालय आगमन पर कहा कि प्रदर्शनी का मकसद अनुपयोगी वस्तुओं जैसे डिस्पोजल, प्लास्टिक इन्हें नया रूप देना और रिसाइकलिंग करने से वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण जैसी परेशानियों को कम करना भी है। इससे प्रदूषण कम भी होगे और इससे अपने अंदर छुपे हुनर को भी जान पा रहे है तथा कुछ नया भी बना रहे हैं, यह काफी सराहनीय कार्य है। महाविद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रीति इंदोरकर विभागाध्यक्ष शिक्षा, राधेलाल देवांगन, धनजय साहू, सुधीर मिश्रा, आभा प्रजापति, मयंकदेवांगन, यशु साहू, देविका देवांगन, युक्ता साहू, यशवेर्या श्रीवास्तव, पायल देवांगन सुमन साहू प्राध्यापकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे तथा छात्रों द्वारा काउंटर लगाकर सामग्री विक्रय भी किया गया।

## सांसद संतोष पाण्डे को जन्मदिन पर छबिबाई साहू ने धान का झुल भेंट किया



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव बीते दिनों लोकसभा सांसद संतोष पाण्डे को जन्मदिन की शुभ अवसर में उनके निवास कार्यालय में पहुंचकर बधाई दी। समाजसेवी छबिबाई साहू ने उन्हें धान का झूल भेंट किया। इस अवसर पर लक्ष्मी बाई गंधर्व, मिसला बाई यादव तथा आसपास ग्राम के आए हुए साथी भी उपस्थित थे।

## बीच बचाव करने गए युवक के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी अमित बंजारे 25 वर्ष, निवासी ग्राम नारायणगढ़ ने पुलिस को बताया की, वह राज मिस्त्री का काम करता है। ग्राम रामपुर के मण्डाई के दिन मेरे दोस्त के छोटे भाई आकाश सोनवानी के साथ ग्राम रामपुर गया था।

जिससे गांव वाले ने मारपीट किया था। तब मैं महेन्द्र सोनवानी के साथ रामपुर गया और मेरे दोस्त के छोटे भाई के मोटर सायकल के चाबी को कोई देखा है कहकर गौठान के पास पूछताछ कर रहा था। उतने में अमित ठाकुर आये और मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ में पहने चुडा से मारपीट किये मारपीट करने से मेरे दांहिने आंख के उपर माथा में चोट लगा है। तथा पीछे सिर में दर्द होना बताये है। अमित ठाकुर के द्वारा दिये गाली गुप्तार मुझे बहुत बुरा लगा मारपीट करते महेन्द्र सोनवानी तथा कामता प्रसाद सिन्हा देखे है एवं बीच बचाव किये है। अमित ठाकुर जाते जाते जान से मारने की धमकी देते गये है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुलिस जवान ने खुद को मारी गोली, मामला गंभीर

कोण्डागांव । जिले में एक पुलिस जवान ने खुद को गोली मार ली है. इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, इस घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई.

घायल जवान का नाम वीरेंद्र चिंडा है. वह कुधुर पुलिस कैम्प में तैनात है. जवान पांचवी वाहनी एफकंपनी का है. जवान ने खुद को गोली क्यों मारी फिलहाल इसका कारण पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच कर ही है।

## पहला कॉलम...

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता आठ जनवरी से उज्जैन में

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन में 67वीं राष्ट्रीय साले मलखंब प्रतियोगिता 08 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसमें 20 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि आठ से 12 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 900 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों भाग लेंगे और यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के मध्य आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम माधव सेवा न्यास भारत माता मन्दिर के पास होगी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल, चंडीगढ़, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, पांडुचेरी सहित 20 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिनों के दौरे पर पहुंचे नेपाल

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर 2 दिनों के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंच गए हैं। उन्होने कहा कि वह नेपाल वापस आकर खुश हैं और देश में अपने कार्यक्रमों को लेकर आशान्वित हैं। जयशंकर नेपाल के विदेश मंत्री के साथ सातवें नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को होने वाली इस बैठक के दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति की समीक्षा करेंगे। वर्ष 2024 में जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा है। जयशंकर, नेपाल के अपने समकक्ष एन. पी. सउद के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही भारत और नेपाल के बीच कई अहम समझौते हो सकते हैं। इस वजह से पड़ोसी देश चीन तनाव में आ गया है। नेपाली विदेश मंत्री सउद ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया। नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्साल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। जयशंकर ने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, %%2024 के अपने पहले दौरे के लिए नेपाल वापस आकर खुश हूं। अगले दो दिन में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।%% भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में हुई थी और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है।

### घर में आग लगने से जिंदा जले 4 बच्चे

नई दिल्ली। अमेरिका में दिल दहलाने वाले हुए एक अग्निकांड में 4 बच्चों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि अमेरिका के उत्तरी कनेक्टिकट में मंगलवार रात एक घर में आग लगने से यह हादसा हुआ। इस दौरान घर में चार बच्चों की झुलसने से मौत हो गई। वहीं इसकी 19 वर्षीय बहन अपनी जान बचाने के लिए दूसरी मंजिल की खिड़की से नीचे कूद गई। दमकलकर्मियों को बचाव कार्य के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अग्निशमन अधिकारी जॉन रोचे बताया कि आग लगने की सूचना रात लगभग 10 बजकर 30 मिनट पर मिली और पांच मिनट बाद ही अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंच गये।

अग्निशमन और स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सोमर्स शहर में हुई इस घटना में जान गंवाने वाले बच्चों की उम्र पांच से लेकर 12 वर्ष थी और वे सभी अपनी मां और तीन अन्य भाई-बहनों के साथ घर के एक हिस्से में रहते थे। शहर के च्फर्स्ट सेलेक्टमैनज् टिम कीनी ने कहा कि घटना के समय बच्चों की मां घर पर नहीं थी और उनकी देखभाल कर रह रही 19 वर्षीय बेटी अपनी जान बचाने के लिए दूसरी मंजिल की खिड़की से कूद गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। राज्य और स्थानीय अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

### इंडिगो ने टिकट फ्यूल चार्ज हटाया

नई दिल्ली। घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में कमी के बाद गुरुवार से फ्यूल चार्ज वसूलना बंद करने की घोषणा कर दी है। बता दें, एयरलाइन ने इससे पहले एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में उछाल के बाद अक्टूबर 2023 की शुरुआत से ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था। भाषा की खबर के मुताबिक एयरलाइन ने 4 जनवरी 2024 से इसे हटा दिया है। एयरलाइन कंपनी के का कहना है कि हाल ही में एटीएफ की कीमतों में कमी के चलते फ्यूल चार्ज (ईंधन शुल्क) वापस ले लिया गया है। खबर के मुताबिक, इंडिगो की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि एटीएफ की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहता है। इसलिए हम कीमतों या बाजार स्थितियों में किसी भी बदलाव से निपटने के लिए अपने किराए और उसके कम्पोनेंट्स को एडजस्ट करना जारी रखेंगे।

# रणजी ट्रॉफी 2023-24 सीजन की आज से होगी शुरुआत

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट का घरेलू सत्र के सबसे बड़े और ऐतिहासिक टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी को साल 2023-24 सत्र की शुरुआत 5 जनवरी से होगी। इसमें टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में गुजरात का सामना जहां तमिलनाडु की टीम से होगा तो वहीं कर्नाटक बनाम पंजाब और हरियाणा बनाम राजस्थान के बीच भी मुकाबला खेला जाएगा।



रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में सौराष्ट्र की टीम ने इस खिताब को अपने नाम किया था, जिसके बाद वह अपने टाइटल को डिफेंड करने के इरादे से इस बार मैदान पर खेलने उतरेंगे। सौराष्ट्र की टीम अपना पहला मुकाबला इस सीजन झारखंड के खिलाफ खेलेगी।

#### सौराष्ट्र को मिला इस बार कठिन ग्रुप

गतविजेता सौराष्ट्र की टीम को इस बार मजबूत टीमों के साथ एक कठिन ग्रुप में रखा गया है, जिसमें उनके साथ विदर्भा और हरियाणा की टीमें भी हैं। इसके अलावा ग्रुप-बी की बात की जाए तो इसमें आंध्रा, आसाम के अलावा पिछले सीजन उपविजेता रहने वाली बंगाल की टीम भी है। इस बार सभी की नजरें प्लेट कैटेगिरी से एलीट में शामिल की गई बिहार और मणिपुर टीम के प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहने वाली हैं।

#### किन वेन्यू पर खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट

रणजी ट्रॉफी 2023-24 के मुकाबले पूरे देश के कई जगहों पर खेले जाएंगे, जिसमें टूर्नामेंट का आयोजन कुल 48 मैदानों पर होगा, वहीं प्लेट ग्रुप के लीग स्टेज मैचों का आयोजन पांच वेन्यू पर कराया जाएगा।

कब और कहां पर होगा रणजी ट्रॉफी मैचों का सीधा प्रसारण

इस बार रणजी ट्रॉफी के मैचों का सीधा प्रसारण स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर किया जाएगा। वहीं इन मैचों की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग का आनंद फैंस जियो सिनेमा एप के जरिए उठा सकते हैं।

## ईडी ने महादेव एप मामले में नया आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। ईडी के कहने पर महादेव एप के दो प्रमोटर्स को हाल ही में इंटरपोल की ओर से जारी रेड नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया गया था। समझा जाता है कि एजेंसी ने पहले आरोपपत्र की सामग्री यूएई के अधिकारियों के साथ साझा की जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट हासिल किया गया जिसके बाद इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के जरिए कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े धनशोधन के एक मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत के समक्ष नया आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी इस दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) को दुबई में अधिकारियों के साथ साझा करेगी ताकि एप के दो मुख्य प्रमोटर्स रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके। ईडी के कहने पर दोनों को हाल ही में इंटरपोल की ओर से जारी रेड नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया गया था। समझा जाता है कि एजेंसी ने पहले आरोपपत्र की सामग्री यूएई के अधिकारियों के साथ साझा की जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट हासिल किया गया जिसके बाद इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1,700-1,800 पन्नों का नया आरोपपत्र एक जनवरी को दायर किया गया। और कथित कैश कूरियर असीम दास, पुलिस कांस्टेबल भीम सिंह यादव, एप से जुड़े एक प्रमुख कार्यकारी शुभम सोनी समेत पांच आरोपियों को आरोपी बनाया गया है।

## सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स नेशनल : दीपा कर्माकर चमकीं, रेलवे ने महिला टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

भुवनेश्वर। ओलंपियन दीपा कर्माकर ने सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन ऑलराउंड प्रदर्शन में कुल 49.55 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला टीम वर्ग में रेलवे 182.60 अंकों के साथ चैंपियन बनी।

भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम स्थित जिम्नास्टिक सेंटर में दूसरे दिन महिला वर्ग में महाराष्ट्र 169.95 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल 166.80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान ओडिशा 164.65 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। पदक समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल मौजूद थे। त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व कर रहीं दीपा ने कुल 49.55 अंक हासिल किए। उन्होंने वॉल्ट पर 13.40, अनइवन बार्स पर 10.65, बैलेंस बीम पर 13.10 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.40 रिकॉर्ड किया। ऑल-अराउंड श्रेणी में शीर्ष पर रहने पर खुशी जताते हुए दीपा ने कहा, मैं आठ साल बाद सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, मुझे इससे बहुत अच्छा लग रहा है, और मैं अपने आज के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। मैं कल अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, यहां जिमनास्टिक सेंटर देखना वाकई बहुत अच्छा है और मुझे यकीन है कि यह बहुत सारे ओलंपिक और एशियाई खेलों के जिमनास्ट तैयार करेगा। मैं इस केंद्र के निर्माण और एथलीटों के लिए खेल संस्कृति बनाने के लिए ओडिशा सरकार को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।



रेलवे की प्रणति दास (47.00) और स्वास्तिका गांगुली (45.30) ऑल-अराउंड में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। प्रणति ने वॉल्ट पर 12.80, अनइवन बार्स पर 10.60, बैलेंस बीम पर 11.50 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.10 रिकॉर्ड किए, जबकि उनकी टीम की साथी स्वास्तिका ने वॉल्ट पर 12.80, अनइवन बार्स पर 9.15, बैलेंस बीम पर 11.70 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 11.65 अंक हासिल किए।

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में प्लिस्कोवा ने ओसाका को हराया

**ब्रिस्बेन। तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में नाओमी ओसाका को 3-6, 7-6(4), 6-4 से हरा दिया, जिससे ओसाका की डब्ल्यूटीए टूर में वापसी खराब रही। जुलाई 2023 में अपनी बेटी शाई को जन्म देने के बाद ओसाका सितंबर 2022 के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही थी।**



चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने वापसी करते हुए तमारा कोरपात्श के खिलाफ अपना पहला राउंड मैच जीता। चेक गणराज्य की प्लिस्कोवा इस टूर्नामेंट की एकमात्र तीन बार की चैंपियन हैं, जिन्होंने 2017, 2019 में ट्रॉफी जीती थी और जब डब्ल्यूटीए कार्यक्रम आखिरी बार 2020 में क्वींसलैंड टेनिस सेंटर में आयोजित किया गया था। दो पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ियों के बीच लड़ाई में यह प्लिस्कोवा थी जिसने 2 घंटे और 14 मिनट के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में प्रवेश किया। एक सेट से पिछड़ने के बावजूद, प्लिस्कोवा जापानी स्टार के साथ एक और करीबी मुकाबले को पलटने में सफल रही, जिससे उनकी बढ़त 4-2 हो गई। प्लिस्कोवा, जिन्हें इस सप्ताह एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने अब ब्रिस्बेन में अपने आखिरी 10 मैच जीते हैं।

## गाजा में एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार (03 जनवरी) को पूर्व जनरल क़ासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुए धमाकों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है. साथ ही इजरायल को चेतावनी देते हुए रायसी ने कहा है कि इस हमले के लिए इजरायल को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी.

गौरतलब है कि बुधवार को ईरान के करमन प्रांत में हुए धमाकों में 103 लोगों की मौत हो गई, जबकि 141 लोग घायल हैं. ईरान ने इसे आतंकवादी हमले का नाम दिया है. 3 जनवरी, 2020 को बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी. ऐसे में उनकी चौथी बरसी पर सम्मान समारोह रखा गया था. जिसमें भारी भीड़ जमा हुई थी. ऐसे में ताबड़तोड़ दो धमाकों ने समूचे ईरान को दहला कर रख दिया. सीएनएन के अनुसार, रायसी ने कहा, 'मैं ज़ायोनी शासन को चेतावनी देता हूं इसमें संदेह न करें कि आपको इस अपराध और आपके द्वारा किए गए अपराधों के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.'इस बीच, ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक डिप्टी मोहम्मद जमशीदी ने भी विस्फोटों के पीछे इजरायल के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका पर आरोप लगाया.

उधर, एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि हमारा ध्यान हमास के साथ लड़ाई पर है. रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार (4 जनवरी) को इजरायल गाजा पट्टी में जमकर बमबारी कर रहा है।

## 2028 से भारत नहीं करेगा दालों का आयात, किसानों से डायरेक्ट होगी खरीद - अमित शाह

नई दिल्ल। दिसंबर 2027 तक दलहन के उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है. देश के किसान ज्यादा से ज्यादा अरहर दाल की खेती कर सकें इसके लिए सरकार ने एक बड़ी स्कीम लॉन्च की है. सरकार की एजेंसियां नाफेड (ह्वस्नश्वष्ठ) और एनसीसीएफ (ह्वष्टष्टस्न) ने एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है जिसपर अरहर दाल का उत्पादन करने वाले किसान रजिस्टर कर न्यूनत्तम समर्थन मुल्य पर ऑनलाइन अरहर दाल बेच सकते हैं. किसानों को उनके उपज का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के जरिए किया जाएगा.



#### जनवरी 2028 से नहीं होगा दाल का आयात

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस वेब पोर्टल को लॉन्च किया है. अमित शाह ने कहा, चना दाल और मूंग को छोड़कर दूसरे दालों के उत्पादन में भारत आत्ममिर्भर नहीं है. बाकी दलहनों के लिए भारत आयात पर निर्भर है. उन्होंने कहा, दाल का आयात करना भारत के लिए कतई सम्माजनक नहीं है. अमित शाह ने दिसंबर 2027 से पहले भारत दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और जनवरी 2028 से भारत एक किलो भी दाल का आयात नहीं करेगा.

#### किसान ऑनलाइन बेच सकेंगे अरहर दाल

वेबपोर्टल को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि, नाफेड और एनसीसीएफ के वेब पोर्टल पर किसानों को दलहन की खेती करने से पहले रजिस्टर कराना होगा. फसल के उत्पादन के बाद किसान अपने अरहल दाल को एमएसपी पर ऑनलाइन पोर्टल पर बेच सकते हैं. उन्होंने बताया कि डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए किसानों के उनके दलहन का भुगतान किया जाएगा. अमित शाह ने कहा कि अगर तब दाल की कीमत एमएसपी से ज्यादा है तो तब सरकार ज्यादा कीमत देने के लिए फॉर्मूला निकालेगी. गृह और सहकारिता मंत्री ने कहा अपने उपज की कीमत नहीं मिलने के चलते किसान दलहन बोने से परहेज करते थे.

## धनंजय डी सिल्वा होंगे श्रीलंका के नये टेस्ट कप्तान

नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता ने टेस्ट कप्तानी में बड़े बदलाव का ऐलान करने के साथ अब दिमुथ करुणारत्ने की जगह पर 32 साल के धनंजय डी सिल्वा को टीम का नया कप्तान बनाया है। धनंजय टेस्ट में श्रीलंका की कप्तानी संभालने वाले 18वें खिलाड़ी खिलाड़ी बनेंगे। करुणारत्ने की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम ने कुल 30 टेस्ट मैच खेले जिसमें से उसे 12 में जीत जबकि 12 में हार का सामना करना पड़ा, इसके अलावा 6 टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुए। करुणारत्ने की ही कप्तानी में श्रीलंका ने साल 2019 की शुरुआत में साउथ अफ्रीका को उसी के देश में टेस्ट सीरीज में मात दी थी, जिसके बाद वह ये कारनामा करने वाली एशिया की पहली टीम भी बन गई थी।

*00 कांग्रेस ने घोषणापत्र-सीट बंटवारे पर की चर्चा...*

आगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा की। 14 जनवरी से शुरू होने वाली के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया है। मणिपुर-मुंबई यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है।

*00 आठ साल में खिलौना निर्यात में 239 प्रतिशत की बढ़ोतरी...*

**क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू**

क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू होने से घटिया किस्म के खिलौनों का आयात थम गया और इससे घरेलू स्तर पर निर्माण को प्रोत्साहन मिला। क्वालिटी कंट्रोल नियम के लागू होने से प्लास्टिक के घटिया खिलौने घरेलू बाजार से बाहर होते गए।

*00 अब खून के लिए नहीं देने पड़ेंगे अनाप-शनाप दाम...*

यही नहीं, रक्त की कमी होने पर या फिर दुर्लभ ब्लड ग्रुपों के मामलों में तो यह शुल्क और भी अधिक हो जाता है।

*00 26 जनवरी से पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी...*

एसीपी ललित मोहन नेगी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अमित नारा आदि की टीम ने घेराबंदी कर निजामुद्दीन के पास डीएनडी से जावेद मट्टू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अमित नारा की टीम ने इसके पास से 9 एमएम की एक स्टार पिस्टल, छह कारतूस, एक अतिरिक्त मैगजीन और चोरी की कार बरामद की। इस संबंध में पीएस स्पेशल सेल में उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि दिल्ली में अभी इसके खिलाफ मामला दर्ज होने की बात सामने नहीं आई है।

## पेज 1 का शेष...

**खूंखार आतंकी है मट्टू**

बारामूला के सोपोर के कुशल मट्टू निवासी जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान ने कॉलेज में पढ़ाई छोड़ दी थी। ये उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर, जम्मू-कश्मीर के इलाके में सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का सरगना है। वह पिछले 13 वर्षों से अपनी पकड़ से बचता रहा है। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में घायल होने के बाद वह भूमिगत हो गया था और पाक आईएसआई के निर्देश पर नेपाल भाग गया, क्योंकि जम्मू-कश्मीर पुलिस उसका पीछा कर रही थी। इसके पैर में गोली लगी थी। इसके बाद इसने आतंकी वारदात कम कर दी थीं।

**11 आतंकी वारदातों में शामिल रहा**

जावेद जम्मू-कश्मीर में 11 ज्ञात आतंकवादी हमलों में वांछित था और उस पर 10 लाख से अधिक का इनाम था। वह जम्मू-कश्मीर में पांच ग्रेनेड हमलों में शामिल रहा है। साथ ही पांच पुलिस कर्मियों की हत्या और कई पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों को घायल करने में भी शामिल था। जावेद सोपोर में एक आईईडी विस्फोट में भी शामिल रहा है।

*00 छत्तीसगढ़ में देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल...*

कार्यपालन अधिकारी क्रेडा, शिखा राजपूत तिवारी आयुक्त, बिलासपुर संभाग, सत्यनारायण राठौर आयुक्त, दुर्ग संभाग, महादेव कावरे संचालक, कोष एवं लेखा, डॉ. प्रियंका शुक्ला संचालक तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण, पशु चिकित्सा सेवाएं, किरण कौशल विशेष सचिव वाणिज्यकर पंजीयन विभाग, डॉ. तंबोली अयाज फकीर भाई आयुक्त ,गृह निर्माण मंडल, सौरभ कुमार संचालक नगर तथा ग्राम निवेश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, सुनील कुमार जैन संचालक भौमकी तथा खनिकर्म, विशेष सचिव खनिज साधन विभाग, ऊर्जा विभाग, मिशन संचालक जल जीवन मिशन, कुमार लाल चौहान कलेक्टर जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़, विपिन माझी कलेक्टर जिला नारायणपुर, डोमन सिंह विशेष सचिव, मंत्रालय, केडी कुंजाम विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम, अनुराग पांडेय कलेक्टर बीजापुर, जयप्रकाश मौर्य विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, सारांश मित्तर विशेष सचिव, कृषि विभाग, पदम सिंह एल्मा विशेष सचिव तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, रमेश कुमार शर्मा विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, संचालक भू अभिलेख मुद्रण एवं लेखन सामग्री, विशेष सचिव धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व विभाग, प्रबंध संचालक मार्कफेड, धर्मेश कुमार साहू महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, भूरे सर्वेश्वर नरेंद्र सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, दीपक सोनी पंजीयक सहकारी समिति, नियंत्रक खाद एवं औषधि प्रशासन, भोसकर विलास संदिपान कलेक्टर जिला सरगुजा, संजीव कुमार झा संचालक, समग्र शिक्षा, जीवन किशोर ध्रुव प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड, रजत बंसल आयुक्त वाणिज्य कर जीएसटी, अभिजीत सिंह कलेक्टर, कांकेर, रणवीर सिंह कलेक्टर, बेमेतरा, पुष्पेंद्र कुमार मीणा सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, तारन प्रकाश सिन्हा संयुक्त सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इफ्फत आरा संचालक, आयुष, दिव्या उमेश मिश्रा संचालक, लोक शिक्षण, संजय अग्रवाल कलेक्टर, राजनंदगांव, नम्रता गांधी कलेक्टर, धमतरी, गौरव कुमार सिंह कलेक्टर, रायपुर, अजीत वसंत कलेक्टर, कोरबा, विनीत नंदनवार संयुक्त सचिव, मंत्रालय, इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल कलेक्टर, बालोद।

## वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका टीम का हुआ ऐलान

नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट टीम को 6 जनवरी से अपने घरेलू मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है, जिसको लेकर श्रीलंका क्रिकेट ने 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें जहां कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी देखने को मिली है, वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2023 में दसुन शनाका के बाहर होने के बाद टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालने वाले कुसल मेंडिस को इस पद पर बरकरार रखा गया है। दसुन शनाका इस वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं, लेकिन वह अब कप्तानी के दायित्व को निभाते हुए नजर नहीं आएंगे। इस वनडे सीरीज के सभी मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ही खेले जाएंगे।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के शुरू होने से ठीक पहले हैम्सट्रिंग इंजरी की वजह से पूरे टूर्नामेंट बाहर रहने वाले लेग स्पिनर वानिन्दु हसरंगा की भी इस वनडे सीरीज के लिए टीम में वापसी देखने को मिली है। हसरंगा ने अपना आखिरी वनडे मुकाबला पिछले साल जुलाई के महीने में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला था। इसके अलावा वनडे टीम में नए खिलाड़ी के तौर पर अब तक सिर्फ तीन टी20 मैच खेलने वाले बैटिंग ऑलराउंडर खिलाड़ी जेनिथ लियानागे को भी जगह मिली है। श्रीलंका टीम के पूर्व कप्तान एंजलो मैथ्यूज तो वर्ल्ड कप के बीच टीम का हिस्सा बने थे वह इस सीरीज के लिए टीम में अपनी जगह को बचाने में कामयाब नहीं हो सके। इस वनडे सीरीज के खत्म होने के बाद दोनों ही टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी, जिसका पहला मुकाबला 14 जनवरी को होगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी - पीयूष

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2 से 2.5 साल में यह 5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का आंकड़ा छू लेगा। गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में आत्मनिर्भर भारत उत्सव के शुभारंभ पर कहा, हर सड़क अनुमान के अनुसार, भारत 2027 तक दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी होगी। लोकसभा चुनाव इस साल अप्रैल-मई के आसपास होने की संभावना है।



मंत्री ने जीडीपी के लिए पूर्वानुमान बढ़ाया है, क्योंकि अब तक के आधिकारिक अनुमानों के अनुसार 31 अप्रैल, 2024 को समाप्त होने वाले चालू वित्तवर्ष के पूरा होने पर अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की उम्मीद है। 2028 तक देशों के जीडीपी अनुमानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का विश्व आर्थिक आउटलुक डेटा 2026 में भारत की जीडीपी 4.95 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाता है।

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और चालू वित्तवर्ष (24) की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत की मजबूत विकास दर दर्ज की है। इसने आईएमएफ और आरबीआई को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया है।

गोयल ने यह भी कहा, आत्मनिर्भर भारत का मतलब यह नहीं है कि भारत आयात विरोधी है। हम अपना निर्यात बढ़ाएंगे और इसके लिए अगर हमें कुछ उत्पादों का आयात करने की जरूरत होगी, तो हम ऐसा करेंगे।

# खाद्य अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का करें निरीक्षण : मंत्री दयालदास बघेल

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने आज न्यू सर्किट हाउस रायपुर में खाद्य विभाग मार्कफेण्ड, नागरिक आपूर्ति निगम एवं राज्य भण्डारण गृह निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की समीक्षा करते हुए धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए। धान का उठाव शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। मिलरों के माध्यम से उपार्जित धान का त्वरित निराकरण कर भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में समय पर चांवल जमा करने के लिए कहा गया है। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को कस्टम मिलिंग की व्यवस्था को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा।

उन्होंने सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह राशन का भण्डारण समय पर करने के सख्त निर्देश दिए और खाद्य अधिकारियों को नियमित दुकानों का निरीक्षण करने के लिए कहा है। गड़बड़ी करने और लापरवाही बरतने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की बात कही। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे। दूरस्थ अंचल के क्षेत्रों तक खाद्य का भण्डारण समय पर करने का निर्देश दिए हैं। उचित मूल्य दुकान में चावल, चना, शक्कर, नमक के भण्डारण की उपलब्धता पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक माह खाद्य अधिकारी और खाद्य निरीक्षक को प्रभार क्षेत्र के 10 उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने सुकमा, नारायणपुर, रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी की खाद्य निरक्षकों को गंभीरता से उचित मूल्य दुकानों का अवलोकन करने के लिए कहा है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि किसानों को धान खरीदी केन्द्र में धान बेचते समय किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए धान बेचने के लिए केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ राज्य के हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए कहा है। इस योजना के तहत निःशुल्क चावल का वितरण करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस चूल्हा और सिलेण्डर देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 34.92 लाख महिलाओं को गैस चूल्हा दिया गया है। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी (लिंकिंग सहित) करने का निर्णय लिया गया है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों को आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय लिया गया है, इससे राज्य के 67 लाख 92 हजार 153 राशनकार्डधारी परिवार लाभन्वित होंगे और उन्हें आगामी 5 सालों तक राशन दुकानों से निःशुल्क चावल मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जारी राशन कार्डों में जनवरी-2024 से आगामी 5 सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के समान ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम-2012 के तहत जारी अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण करने का फैसला लिया गया है।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने गोदामों की स्थिति की भी जानकारी ली और जिन जिलों में धान का भण्डारण करने के लिए गोदाम नहीं हैं ऐसे जिलों के लिए जमीन का चिन्हांकन करके कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकी उन जिलों में शीघ्र गोदाम निर्माण कराया जा सके। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने बैठक विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों तक प्रत्येक माह राशन समय पर पहुंचाना शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर खाद्य विभाग के धर्मेश साहू, प्रबंध संचालक, मार्कफेड, प्रणव सिंह, अतिरिक्त प्रबंध संचालक, मार्कफेड तथा खाद्य विभाग से जी.एस. सिकरवार, संयुक्त सचिव, राजीव जायसवाल, अपर संचालक, जी.एस. पैकरा, अपर संचालक एवं आनंद सोनी, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. एवं राज्य के समस्त जिलों के खाद्य नियंत्रक-अधिकारी, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम एवं जिला विपणन अधिकारी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत का सबसे बड़ा अभियान- यशवंत जैन





बालोद (दावा)। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश का सबसे बड़ा अभियान है। श्री जैन मंगलवार 02 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। श्री जैन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष श्री राकेश यादव एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं पर आधारित विकसित भारत संकल्प यात्रा का बालोद शहर में आगमन 02 जनवरी सुबह 8 बजे हुआ। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में विभिन्न विभागों के द्वारा 15 स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान पूर्णता प्रमाण पत्र, एक हितग्राही को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत चेक तथा 11 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हेमीन बाई, फरीबा बेगम, प्रेमबाई साहू, संतोष साहू, पुराणिक यादव को मकान पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिलीप कुमार भुआर्य डेंगरापार को चेक वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रिया यादव, तुलेश्वरी साहू, प्रार्थना, थानेश्वरी साहू, अमृत बाई, शारदा यादव, रोशनी यादव, कौशिल्या ढीमर, शिव कुमारी नेताम, मीना बाई एवं बरखा को गैस कनेक्शन वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आजाद भारत में यह सबसे बड़ा अभियान है। उन्होने कहा कि भारत आज विश्व में अग्रणी बनने तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश का पूरे विश्व में सम्मान बढ़ा है। नगर पालिका के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा ने कहा कि यहां शिविर में पहुंचे लोगों को योजनाओं की जानकारी देने व्यवस्था की गई है। स्वच्छ भारत अभियान में बालोद नगर पालिका को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से पुरस्कृत किया जा चुका है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव ने कहा कि भारत को विकसित बनाने की कल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने की। उस मार्ग पर वे चल पड़े हैं हम सब उनके साथ है। घर पर शौचालय, हर घर नल से जल पहुंचाकर वे गरीबों की सेवा कर रहे हैं। उनके द्वारा गरीबों के कल्याण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लीला लाले शर्मा, पार्षद सर्वश्री कमलेश सोनी, योगराज भारती, रिच्छेद मोहन कलिहारी, अमित चोपड़ा, सुरेश निर्मलकर, बिरजू ठाकुर, प्रतिभा चैधरी, संतोष कौशिक, दीपक देवांगन, राकेश बाफना, पंकज आहुजा, रवि पांडे, रमेश मालेकर, गिरिजेश गुप्ता, राजू पटेल, शाहिद खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यशवंत जैन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## नहीं चलेगा अटकाने, लटकाने, भटकाने का खेल - केदार कश्यप



जगदलपुर (आरएनएस)। समूचे बस्तरवासियों की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई का आशीर्वाद लेकर बस्तर के आदिवासी सपूत और छत्तीसगढ़ शासन के वन, जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को नवा रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय में अधिष्ठात्री देवी माई दंतेश्वरी के आशीर्वाद से एवं ईष्टदेव की कृपा से विधिवत् पूजा -अर्चना कर वन एवं जलवायु,जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कुर्सी सम्हालते ही विभागीय कार्यों का समीक्षा की। इस अवसर पर इष्टजन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बस्तर संभाग की नारायणपुर सीट से विधायक चुनकर मंत्री बने केदार कश्यप बस्तर के फायर ब्रांड आदिवासी नेता माने जाते हैं। तेज तर्रार छवि वाले केदार कश्यप इससे पहले डॉ. रमनसिंह की नेतृत्व वाली सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। लिहाजा उनके पास मंत्रालय चलाने का अच्छा खासा तजुर्बा है। प्रभार वाले चारों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझा नहीं पाएंगे। केदार कश्यप उच्च शिक्षित भी हैं और लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। तीन बार विधायक रह चुके श्री कश्यप सभी विभागों की अच्छी समझ और जानकारी रखते हैं।

# कॉन्फ्लुएंस कालेज में हुआ फन फेयर का आयोजन



**राजनांदगांव(दावा)। जिले के कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री आभा प्रजापति एवं मयंक देवांगन के निर्देशन में संपन्न हुआ।**

यह कार्यक्रम में बीबीए, बीसीए, बीकॉम के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं साथ ही अलग-अलग व्यंजनों के स्टाल लगाए गए जिसमे प्रमुख रूप से गुपचुप, चार्ट, ढोकला, मोमोस, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, गेम थे। इस प्रकार से इन स्टॉल के निरीक्षणकर्ता के रूप में महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल सर एवं मनीष जैन सर ने व्यंजनों का स्वाद लेकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रचना पांडे ने भी समस्त प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों को नए कौशल विकास, व्यवसायिक क्षेत्र के कौशल हेतु यह कार्यक्रम की सराहना की।

इस फन फेयर स्टाइल में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन के साथ-साथ मोटे अनाज से बने हुए मिलेट्स को भी रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान पर बीसीए के छात्रों ने बाजी मारी एवं द्वितीय स्थान पर बीबीए के छात्र रहे। प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण धनंजय साहू, देविका देवांगन, सुधीर मिश्रा, युक्त साहू, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, एवं सुमन साहू की भूमिका रही।

# आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत पर कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव हुआ

**डोंगरगढ़ (दावा)। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क. - 74, डोंगरगढ़ को पत्र प्रेषित कर चुनाव के दौरान परविंदर भाटिया (मोंटी) द्वारा की गई शिकायत के संबंध में की गई करवाई की जानकारी मांगी गई है।**

ज्ञात होवे कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव क्षेत्र क्रमांक 74 डोंगरगढ़ के चुनाव के दौरान 31 नवंबर को डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद मनोज साहू,वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद राहुल यादव एवम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का पुतला दहन किया गया था। जिसकी शिकायत सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ को साक्ष्य सहित 1 नवंबर को की गई थी।

### कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में पुनः शिकायत

चुनाव खत्म होने के डेढ़ माह तक उक्त दोषी जनप्रतिनिधियों पर कोई कार्यवाही नही होने की स्थिति में शिकायतकर्ता श्री मोंटी द्वारा दिनांक 28 दिसंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) से उक्त चुनाव आचार संहिता उल्लंघन प्रकरण पर की गई कार्यवाही से अवगत करवाने एवं अब तक कार्यवाही नहीं होने का कारण जानने एक पत्र सौपा था। जिसके परिपेक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर द्वारा बताया गया कि चुनाव के दौरान हमें रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ द्वारा इस संबंध में कोई आचार संहिता उल्लंघन प्रकरण पत्र प्राप्त नहीं हुआ। अतएव उनके द्वारा लिखित में रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ से उक्त आचार संहिता उल्लंघन प्रकरण में की गई कार्यवाही एवं शिकायत संबंधित पत्र को जिला निर्वाचन अधिकारी को न भेजने स्पष्टीकरण तत्काल मांगा।



### पक्षपात करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करें आयोग - मोंटी

आचार संहिता उल्लंघन को लेकर की गई शिकायत पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने वाले संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग आवेदक परविंदर भाटिया (मोंटी) द्वारा चुनाव आयोग से की गई है। श्री मोंटी को विश्वास है कि, कांग्रेस शासन में कृपा पात्र रहे अधिकारियों के कारनामे देर सवेर सामने आते रहेंगे। सत्ता बदलने पर ऐसे अधिकारियों पर भविष्य में कार्यवाही होना लगभग तय लग रहा है।

### जिला उप निर्वाचन अधिकारी ने दोषियों पर कार्रवाई हेतु पत्र लिखा

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा स्थानीय निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत शिकायतकर्ता परविंदर सिंह (मोटी) सांसद प्रतिनिधि डोंगरगढ़ द्वारा समक्ष उपस्थित होकर चुनाव के दौरान आचार संहिता के उलंघन की शिकायत प्रस्तुत की गई है।

जिसमें आवेदक द्वारा पूर्व में आपके समक्ष प्रस्तुत शिकायत पत्र एवं शिकायत पर आपके द्वारा कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी एमसीएमसी एवं एमसीसी को प्रेषित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर कृत कार्यवाही की जानकारी चाही गई है। आपके द्वारा नोडल अधिकारी एमसीएमसी व एमसीसी को प्रेषित पत्र (क्रमांक 03-05 दिनांक 02.11.2023) आज दिनांक तक इस कार्यालय को अप्राप्त है। अतएव विषयांकित शिकायत के संबंध में आपके स्तर पर की गई कार्यवाही से तत्काल इस कार्यालय को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

# जिले में शराब के अवैध निर्माण, विक्रय, परिवहन करने वालों के विरुद्ध की जा रही है निरंतर कार्रवाई



बालोद(दावा)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा बालोद जिला में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर मदिरा पीने-पिलाने वालों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के आबकारी वृत्त बालोद, गुरूर, दल्लीराजहरा, डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरूद्ध भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 01 अप्रैल 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक जिले में कुल 1209 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 546 प्रकरण दर्ज कर कुल 1000.7 लीटर मदिरा एवं 12 वाहन जप्त की गई है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में मदिरापान के 208 प्रकरण, गुमटी, होटल, ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने के 192 प्रकरण, मदिरा कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई के 136 प्रकरण तथा जेल दाखिल के 16 प्रकरण शामिल है।

## गिधवा में मड़ई मेला व सम्मान समारोह 8 जनवरी को

हरदी (दावा)। ग्राम गिधवा (पिनकापार) में मड़ई मेला एवं सम्मान समारोह का आयोजन 8 जनवरी को हमर गांव हमर माटी संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से रखा गया है।

सम्मान समारोह 12 से 4 बजे के मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही, विशेष अतिथि किशोरी लाल साहू महामंत्री भाजपा जिला बालोद, राजेश साहू जनपद सदस्य, विजय कुंजाम सरपंच गिधवा होंगे।

रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सुप्रसिद्ध लोक कला मंच कारी बदरिया मोखा(गुरूर) वाले का कार्यक्रम रखा गया है।

उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष जागृत सोनवानी, लिलेश्वर साहू, मिथलेश मसिया ने दी।

# मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन, काला कानून वापस ले सरकार - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विष्णु लोधी ने मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन को काला कानून बताते हुए वापस लेने की मांग की है। जिसे लेकर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने पुरे देश में प्रदर्शन किया है। श्री लोधी ने कहा की इस एक्ट में वाहनों के चालक को 12 साल की सजा और दस लाख जुर्माना का प्रावधान है। इस कानून से ट्रांसपोर्ट कारोबार पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। नए कानून के बाद चालक वाहनो पर काम करने से कतराने लगे हैं।

केंद्र सरकार स्पीड गवर्नर के नाम पर जबरदस्त स्ट्रैटेजी हो रही है और वाहनों का शोषण किया जा रहा है। ओला-उबर जैसी निजी कंपनियां पूरे भारत में सब्सिडी का शोषण कर रही हैं, लेकिन सरकार इन योजनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। और अगर कानून बनाना ही है तो किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कानून बनाएं ना की आम आदमी को परेशान करे।श्री लोधी ने ड्राइवर के हित को ध्यान को में रखकर, दंगों के बीच पैदा हुए असंतोष और भय को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार को कुछ सुझाव लिखे हैं। उन्होंने कानून में संशोधन की भी मांग की है। श्री लोधी ने बसो, ट्रकों और ड्राइवर यूनियनों के विचारों और सुझावों पर ध्यान देते हुए कुछ संशोधन करने को कहा है। तब तक इस कानून को लागू होने से रोका जाए।



केन्द्र सरकार से 11 मांगों पर विचार करने का निवेदन करते हुए कहा गया है कि दुर्घटना के समय सभी पात्रों को सरकार द्वारा जान-माल की सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।यदि सड़क पर दुर्घटना के दौरान या ड्यूटी पर या सड़क पर किसी भी परिस्थिति में ड्राइवर घायल हो जाता है या उसे कोई शारीरिक अपंगता की स्थिति होती है, तो उसे तुरंत सरकारी खर्च पर किसी अच्छे निजी अस्पताल में इलाज कराना चाहिए।यदि दुर्घटना में ड्राइवर की मृत्यु हो जाती है तो ड्राइवर के परिवार को केंद्र सरकार की ओर से तत्काल 1 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।यदि दुर्घटना के समय चालक और वाहन से सार्वजनिक क्षति होती है, तो बीमा कंपनी को नहीं, बल्कि सरकार को इसकी स्वीकृति देनी चाहिए।यदि वाहन चालक के साथ कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो उसके पास एक कॉल सेंटर नंबर होना चाहिए ताकि चालक को तत्काल सरकार या प्रशासन को दुर्घटना की सूचना दी जा सके ताकि पुलिस और एम्बुलेंस तुरंत पहुंच सके। ताकि घायल व्यक्ति की जान बच जाए और इसके लिए ड्राइवर को दोषी न ठहराया जाए।सड़क दुर्घटना के बाद चालक और उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस को दी जानी चाहिए। सरकार जगह-जगह कैमरे लगवाए ।

शराब या किसी भी विदेशी नशीले पदार्थ के नशे में गाड़ी चलाने पर कड़ी सजा दी जानी चाहिए।दुर्घटना के बाद यदि ड्राइवर को लगता है कि उसकी जान खतरे में है तो ड्राइवर को पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित करके सुरक्षित स्थान पर जाने का अधिकार है।राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर हर 25 किमी पर पुलिस वैन और एम्बुलेंस अनिवार्य होनी चाहिए।इन सभी राष्ट्रीय और एक्सप्रेसवे पर सोने के लिए साफ-सुथरे गेस्ट हाउस होना चाहिए।

## भीमा कोरेगाँव के शहीदों को डॉ. काडे ने श्रद्धाजंली दी

राजनांदगांव(दावा)। करूणा गिरी समिति द्वारा आयोजित कलपाथरी पत्थलगांव तह. लाजी जिला-बालाघाट में जिला स्तरीय भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि अधिवक्ता डॉ. आर.एल. कान्डे राजनांदगांव थे। विशाल जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए डॉ. कान्डे ने भीमा गोरेगांव में शहीद हुए महार शहीदों को श्रद्धाजंली दी एवं सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. बाबा साहब ने विश्व के सर्वोत्तम सर्वोत्कृष्ट संविधान की रचना की है। प्रत्येक आम्बेडकरवादी का प्रथम कर्तव्य संविधान की रक्षा करना है। यह तभी संभव है, जब आम्बेडकरवादी संगठित है। बाबा साहब ने बौद्ध बनने हेतु मार्ग दिखाया है परन्तु कोई बौद्ध नहीं बनना चाहते इससे बौद्ध धर्म की अस्तित्व खतरे में आ गया है। कार्यक्रम में आमंत्रित करने हेतु आयोजकों का आभार माना। यह प्रेस विज्ञप्ति बली राम मेश्राम ने दी।






# खेल में जीत और हार का महत्व नहीं, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत बड़ी बात - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

- सर्वश्रेष्ठ और बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें खिलाड़ी
- देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 30 टीमों के 684 प्रतिभागी खेल प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन
- प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा
- 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 का विधिवत उद्घाटन महंत राजा बलराम दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) राजनांदगांव के मैदान में किया। इस अवसर पर उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया और ध्वजारोहण कर आसमान में गुब्बारे छोड़े। इसके पश्चात खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। खिलाडियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शपथ दिलाई गई।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह गौरवशाली क्षण है। उन्होंने 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बॉस्केटबॉल में देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र-छात्राओं युवा खिलाड़ी का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यहां आए खिलाड़ी खेल में प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं। ये खिलाड़ी आने वाले समय में देश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यहीं से खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय स्तर में भारत का प्रतिनिधित्व करने की ताकत और क्षमता रखते हैं। उन्होंने खिलाडियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल की नई ऊर्जा और उत्साह के साथ यह शानदार आयोजन राजनांदगांव के संस्कारधानी नगरी में आयोजित है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से आए खिलाड़ी यहां लगातार 4 दिन रहकर न केवल छत्तीसगढ़ को जानेंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पहचानेंगे, राजनांदगांव के संस्कार से परिचित होंगे, राजनांदगांव के लोगों के साथ मिलेंगे और बहुत सारी यादें लेकर राजनांदगांव से जाएंगे। उन्होंने कहा कि खेल में जीत और हार का महत्व नहीं है, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि साई हास्टल के माध्यम से राजनांदगांव में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। छत्तीसगढ़ बास्केट बॉल टीम खासकर बालिका टीम देश में लगातार प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीतते रही है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी खिलाडियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ और बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और आने वाले समय में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने प्रतिवेदन वाचन में बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 4 से 7 जनवरी 2024 तक संस्कारधानी राजनांदगांव में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 30 टीमों के 684 प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगें। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों के आवास एवं परिवहन सहित अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव की मेजबानी में प्रदेश की खेल नगरी राजनांदगांव में 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी हिस्सा लिया है।

स्पर्धा के तहत दोनों ही वर्गों के मैच दिग्विजय स्टेडियम व युगांतर पब्लिक स्कूल में खेले जायेगें। प्रतियोगिता में आन्ध्रप्रदेश, सीबीएसई, चण्डीगढ़, छत्तीसगढ़, सीआईएससीई, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, जम्मू एण्ड कश्मीर, कर्नाटक, केन्द्रीय विद्यालय, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नवोदय विद्यालय, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर और ओड़िसा की टीम ने भाग लिया है। सहायक क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी ने उद्घाटन समारोह में आए अतिथियों और खिलाडियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत विक्रांत सिंह, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, सुरेश एच लाल, कोमल सिंह राजपूत, किशन यदु, राजेश श्यामकर, रमेश पटेल, वनमंडलाधिकारी श्रीमती सलमा फारूखी, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

## डॉ. रमन सिंह आज कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह इन दिनों अपने निर्वाचन क्षेत्र के व्यापक दौरे पर है। डॉ. सिंह आज दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त रहें तथा अपने स्थानीय निवास सनसिटी में कार्यकर्ताओं, संगठनों व आम नागरिकों से मुलाकात करते रहें। इस दौरान उन्हें अनेक शिकायतें, सुझाव व जन समस्याओं की जानकारी दी गई, जिसे उन्होंने अविलंब पूरा करने को कहा। जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज श्री सिंह का रात्रि विश्राम भी शहर में ही हुआ, वे देर तक आगंतुकों से मुलाकात करते रहे, कल 05 जनवरी, शुक्रवार को भी वे शहर में ही रहेंगे तथा कौरिनभांठा रोड स्थित विधायक कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।

## भरेंगांव सरपंच एकता चंद्राकर निलंबित



**मामला पंचायत में प्राप्त राशि का नियम विरुद्ध व्यय करना**

राजनांदगांव(दावा)। ग्राम पंचायत भरेंगांव में स्वच्छ भारत मिशन तथा पंचायत में प्राप्त राशि का नियम विरुद्ध व्यय किए जाने के कारण श्रीमती एकता चंद्राकर ग्राम पंचायत भरेंगांव के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-40 के तहत कार्यवाही किया गया है। बता दें कि पूर्व में अनावेदक सरपंच को दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को कारण बताओ नोटिस तथा आरोप पत्र जारी कर उन्हें तामील किया जा चुका है। अनावेदक सरपंच को अपना पक्ष रखने हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया परंतु दो बार अवसर प्रदान करने के बाद भी उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

अनावेदक सरपंच के विरुद्ध न्यायालय में पृथक से वसूली प्रकरण भी दर्ज है। जिसमें अनावेदिका के द्वारा पंचायत की राशि एवं स्वच्छ भारत मिशन की राशि का दुर्व्यय एवं दुरुपयोजन किया जाना पाया गया है। उनके विरुद्ध 66,333 रुपये वसूली हेतु नोटिस भी जारी किया गया। आज पर्यंत तक उनके द्वारा राशि पंचायत के खाता में जमा नहीं किया गया है जो की वित्तीय अनियमित तथा लोकहित के प्रतिकूल हैं। अतः छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39 के अधीन श्रीमती एकता चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत भरेंगांव को तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित किया गया है।

## पूर्व सांसद मधुसूदन ने रसोइयों को लंबित राशि दिलाने के लिए पहल की

**मध्यान्ह भोजन रसोईया कर्मचारियों ने लंबित राशि के भुगतान लिए मधु से गुहार लगाई**

राजनांदगांव(दावा)। जिले के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में बच्चों के लिए भोजन बनाने वाले महिला समूह एवं रसोईया कर्मचारियों को विगत पांच माह की आबंटन राशि एवं मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। अपनी समस्या के समाधान के लिए जिले के इन रसोईयाकर्मी एवं महिला समूह के सदस्यों ने श्रीमती मोना गोसाई के नेतृत्व में अपनी समस्या के निराकरण हेतु पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से समक्ष भेंट कर निवेदन किया जिसमें मुख्य रूप से कुमारी महोबिया, रुक्मणी यादव, कमलाबाई गजभिए, कुमारी बाई, बरखा बाई, कुमारी देवांगन, लता महोबिया एवं अन्य उपस्थित रहीं। उन्होंने भाजपा नेता मधुसूदन को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि फंड एवं मानदेय 5 माह से अप्राप्त है जिससे मध्यान्ह भोजन चलाना मुश्किल हो रहा है और कई गांव में मध्यान्ह भोजन बंद हो गया है जिस कारण उन्हें आंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। रसोईया कर्मचारीयों की समस्या के तुरंत निराकरण हेतु पूर्व सांसद मधुसूदन ने जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से दूरभाष पर चर्चा कर इस समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल रसोइयों को लंबित राशि एवं मानदेय दिलाने के लिए आवश्यक पहल की। उन्होंने विभागीय अधिकारी से हुई चर्चा अनुसार 10 जनवरी तक लंबित राशि एवं मानदेय का बैंक खाता के माध्यम से भुगतान का आश्वासन दिया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में नियोजित इन महिला समूहों एवं रसोईया कर्मचारियों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के आश्वासन से राहत की सांस लेते हुए कृतज्ञता प्रकट की है।

## 285 सहकारी समितियां का अस्तित्व समाप्त

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में नई भाजपा सरकार बनते ही सहकारिता विभाग उप पंजीयक शिल्पा अग्रवाल ने विभागीय कार्यो की समीक्षा कर अनावश्यक रूप से विभाग के ऊपर बोझ बने 285 को छत्तीसगढ़ सहकारिता अधिनियम के तहत परिसमापन में लाते हुए परिसमापक नियुक्त कर सहकारी समितियां को 27 से 31 दिसंबर तक 2023 समितियों आडिट नहीं कराये जाने एवं चुनाव नहीं करने के कारण कारण बताओं सूचना पत्र जारी करते हुए निर्धारित तिथि तक जवाब प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था किंतु जिन समितियां ने निर्धारित दिनांक तक जवाब प्रस्तुत नहीं किया है, उन्हें सहकारिता अधिनियम की तहत परिसमापन में डालते हुए उनके अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया है। 2019 में कांग्रेस की सत्ता आते ही शासन की योजना अनुसार राशन दुकान संचालन हेतु खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति का पंजीयन के तहत जिले में राशन दुकान संचालन हेतु अधिक संख्या में खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता समितियां का पंजीयन लोगों द्वारा करवाया गया किन्तु पंजीयन पश्चात 4 से 5 सालों समितियों को काम नहीं मिल पाया, जिसके चलते पंजीकृत समिति के सदस्यों द्वारा ना तो एक भी बार चुनाव कराया गया और ना ही ऑडिट करवाया गया जबकि सहकारिता नियम अनुसार पंजीयन के 90 दिन में समितियों का चुनाव करवाना आवश्यक होता है किंतु समिति के संचालक सदस्यों द्वारा समितियों में व्यवसाय करना नहीं बताया गया और ना ही समिति के सदस्य द्वारा चुनाव एवं ऑडिट में रुचि नहीं लिया गया। जिसके संबंध में उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनंदगांव द्वारा समिति के पंजीयन के 90 दिन पश्चात प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्वाचन हेतु लगातार समितियां को सूचना दिये जाने के बाद भी समिति के चुनाव एवं अंकेक्षण में रुचि नहीं लिया गया। ऐसी समितियां पर कड़ा रुख अपनाते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्था शिल्पा अग्रवाल ने राजनांदगांव जिले के 201, मानपुर-मोहला, चौकी जिले की 28, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले के 56, तीनों जिले को कुल 285 खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समितियों का अस्तित्व समाप्त करते हुए सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर समिति के संपत्ति परिमाप को सौंपने को कहा गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में अनावश्यक रूप से पंजीकृत समितियां जो कार्यशील नहीं है और विगत कई सालों से किसी प्रकार के व्यवसाय में भी संलग्न नहीं है, कार्यो की समीक्षा एवं समितियां को कार्य प्रणाली जानकारी हेतु प्रतिवर्ष विभाग के ऊपर समितियां के ऑडिट कार्यो की समीक्षा का अतिरिक्त भार विभाग के ऊपर पड़ते थे।

## संजय अग्रवाल नांदगांव के नए कलेक्टर के रूप में लेंगे चार्ज



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में नई सरकार के आते ही 88 आईएएस बदले गऐ है वही 19 कलेक्टरों के हुए तबादले में राजनांदगांव के कलेक्टर डोमन सिंह का भी तबादला मंत्रालय के विशेष सचिव के रूप में कर दिया गया है। श्री सिंह के स्थान पर सूरजपुर में कलेक्टर रहे संजय अग्रवाल राजनांदगांव आ रहे है। बता दे कि संजय अग्रवाल जी राजनांदगांव में पूर्व में एडीएम रह चुके है। इसी तरह वे नगर निगम में प्रभारी आयुक्त का पद भी संभाल चुके है। चूंकि अग्रवाल जिला प्रशासन के विभिन्न पदों को संभाल चुके है। इस बार राजनांदगांव जिले के नए कलेक्टर के रूप में आ रहे है। श्री अग्रवाल का संस्कारधानी वासियों को उनसे चिर-परिचित होने की खुशी है। वे आज नए कलेक्टर के रूप में पद ग्रहण करेंगे।

## क्रूड ऑयल सस्ता फिर भी पेट्रोल-डीजल के दाम में मोदी सरकार कमी नहीं कर रही- कुलबीर छाबड़ा



**मोदी सरकार जनता की जेब में डाका डाल रही**

राजनांदगांव(दावा)। क्रूड ऑयल की कीमतों में 31 फीसद की गिरावट के बावजूद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं की गई है। इस विषय को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी कर कहा कि मीडिया रिपोर्टस बता रहीं हैं कि क्रूड ऑयल के दाम विश्व स्तर पर काफी गिरे हैं। इस एवज में पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर देश के लोगों को महंगाई से राहत दी जानी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार हठधर्मिता दिखा रही है।

शहर अध्यक्ष छाबड़ा ने कहा कि महंगाई की मार से मध्यमवर्गीय, निम्नवर्गीय और गरीब परिवार आहत हो रहे हैं। खाद्यान्न और दूसरी आवश्यक वस्तुओं के बढ़े हुए दाम उनकी जीवनशैली को प्रभावित कर रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की दैनिक आवश्यकता के लिए भी उन्हें महंगे दामों से जूझना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस जरुरी मुद्दों पर कोई राहत नहीं दी है।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि अब भी केंद्रीय मंत्री यही कह रहे हैं कि मौजूदा समय में भी क्रूड ऑयल की कीमते घटने के बाद भी पेट्रोल डीजल के दाम कम नहीं किए जाएंगे। उनका यह बयान स्पष्ट रुप से जनविरोधी मानसिकता और हठधर्मिता दर्शाता है। मोदी सरकार जनता का खून चूस रही है। मेहनत की गाढ़ी कमाई पर महंगाई की मार हावी है। लोगों को अपनी जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा है।

महंगाई के मुद्दे पर कुलबीर ने कहा कि दाल, आटा, खाने का तेल सब कुछ महंगा हो चुका है। दूसरी आवश्यक उत्पाद भी महंगाई के मामले में लाल निशान पर हैं। मोदी सरकार महंगाई के मोर्चे पर फेल है। उन्होंने देश के लोगों की जीवनशैली को मजबूत बनाने के लिए कुछ नहीं किया। वे न ही रोजगार दे पाएं हैं और न ही गरीबी कम कर पाएं हैं। मोदी सरकार अपने वायदे निभाने में फिसड्डी साबित होती रही है जिसे बाद में वे जुमला ठहरा देते हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में महंगाई के मसलों पर कांग्रेस मोर्चाबंदी करेगी और मोदी सरकार की हकीकत प्रदर्शन के माध्यम से लोगों के बीच लाएगी। मौजूदा केंद्र सरकार गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के जेब में डाका डाल रही है और उनका हक छीन रही है। ये बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी आगामी दिनों में भारत न्याय यात्रा की शुरुआत करने वाले हैं। इस यात्रा के माध्यम से भी पूरे देश में महंगाई के खिलाफ जनता की जंग छिड़ेगी जिसका खामियाजा मोदी सरकार को भुगतना होगा।

## केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन- गीता घासी साहू




**सामान्य सभा की बैठक में जिपं अध्यक्ष ने अधिकारियों को लगाई फटकार**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं चर्चा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित आदि योजनाओं की जानकारी एवं चर्चा की गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो।

बैठक में डोंगरगांव में हो रहे डिवाइडर निर्माण की अनियमितता होने पर ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। हरणसिंघी जुरला खुर्द सड़क निर्माण 3 साल से अधूरा पड़ा है। गातापार से लिमदुटोला पीएम सड़क अच्छे सड़क को उखाड़ कर फायदे के लिए नया सड़क बनाया जा रहा है। सुकुलदैहान में आत्मानंद स्कूल निर्माण कार्य में अनियमितता के कार्यों पर भी सवाल उठाए। आंगनबाड़ी निर्माण के लिए 31 भवन में निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है किंतु अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। मोहला मानपुर में 95 आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुके हैं।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया और साथ ही कोरोना वायरस की बढ़ाते संक्रमण को देखते हुए जिला चिकित्सालय एवं अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत राजनांदगांव की पूर्व सदस्य श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सभापतिगण, सदस्यगण, जनपद अध्यक्षगण, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत सहित राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर की
कम्प्यूटर कार्य में दक्ष हो, क्वार्क एक्सप्रेस, कोरल ड्रा, फोटोशॉप की पूर्ण जानकारी हो। वेतन-योग्यतानुसार
संपर्क- समय दोपहर 12 से 2 बजे तक शाम- 4 से 7 बजे तक
दैनिक 'दावा'
बल्देव बाग, राजनांदगांव,
मो.93004-14726

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ जल स्रोत खोज विशेषज्ञ
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच

दीक्षा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के टाईल्स, मार्बल ग्रेनाईट, कोटा, पत्थर उपलब्ध एवं फिटिंग सुविधा उपलब्ध
नोट- नेरोलेक वाटर प्रूफ का कार्य किया जाता है
पता : पाटीदार भवन के बाजू में, जी.ई. रोड, राजनांदगांव,
मो.नं. 8269949909, 8234045745

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

SPECIAL WINTER SHOPPING FESTIVAL
भारतीय सिल्क एक्सपो
HANDLOOM & HANDI CRAFT EXHIBITION
स्थान : स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव
समय- प्रातः 11 से रात्रि-10 बजे तक
12 दिस. 2023 से 20 जनवरी 2024

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com